तापमान

अधिकतम 30.0 डिग्री

न्यूनतम 19.4 डिग्री

# हरिभूमि बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 24 फरवरी 2026

[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया ]




दायीं एवं बायीं ओर व्यवस्थित आवागमन के हिसाब से पुल के बीचोंबीच स्टॉपर लगाए गए थे, जिसे उपद्रवी तत्वों के द्वारा उठाकर फुटपाथ पर फेंक दिया गया है।

## खबर संक्षेप

### शहर के लेखक करेंगे छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व

**बिलासपुर।** झांसी में श्रीराम पर केंद्रित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में शहर के डॉ संजय अनंत लेखक छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व एवं 24 फरवरी को बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के गोस्वामी तुलसीदास सभागार में आयोजित सत्र की अध्यक्षता करेंगे। यह आयोजन उत्तर प्रदेश सरकार के हिन्दी संस्थान व बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इसमें देश-विदेश से सौ से अधिक विद्वतजन, शोधार्थी, लोक कलाकार सम्मिलित हो रहे है। इस सत्र में दस शोधार्थी श्रीराम व रामचरित मानस पर आधारित अपने शोध आलेख का पाठन

### प्राचार्य और सहायक प्राध्यापकों का तबादला

**बिलासपुर।** राज्य शासन ने उच्च शिक्षा विभाग अंतर्गत प्राचार्य एवं सहायक प्राध्यापकों का स्थानांतरण आदेश जारी किया है। इसमें 9 लोगों को इधर-उधर किया गया है जिसमें नवीन शासकीय कालेज जरहागांव से प्राचार्य डॉ. नंदिनी तिवारी को शासकीय माता शबरी कन्या कालेज पदस्थ किया गया है। इसी तरह श्रीमती एआरसी जैम्स प्राचार्य बलौदाबाजार कालेज से भाटापारा कालेज, श्रीमती उषा किरण अग्रवाल प्राचार्य धमधा कालेज से देवेन्द्रनगर कालेज रायपुर, अनिल तिवारी प्राचार्य कला विज्ञान वाणिज्य कालेज धरमजयगढ़ से पुसौर कालेज, डीपी कुर्रे कालेज प्राचार्य खैरागढ़-छुईखदान-गंडई से उतई कालेज दुर्ग, सहायक प्राध्यापक पूरनलाल पटेल खरसिया कालेज से अग्रसेन कालेज बिल्हा, सहायक प्राध्यापक नंदकुमार पटेल बलरामपुर कालेज से खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, सहायक प्राध्यापक आनंद कुमार मिंज भाटापारा कालेज से बलरामपुर रामानुजगंज कालेज तथा सहायक प्राध्यापक अंशुमाला चंदनगर दुर्ग कालेज से आरंग कालेज पदस्थ किया गया है।

### नीट यूजी में आवेदन 12 मार्च तक

**बिलासपुर।** एनटीए ने नीट यूजी 2026 की आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। उम्मीदवार आठ मार्च तक आवेदन कर सकते हैं। दस से 12 मार्च तक आवेदनकर्ताओं को फॉर्म में हुई गलतियों को सुधारने का अवसर मिलेगा। परीक्षा तीन मई को होगी। परीक्षा का समय दोपहर दो से शाम पांच बजे तक रहेगा। परीक्षा अंग्रेजी व हिंदी के साथ कुल 13 भाषा में आयोजित की जाएगी। सामान्य वर्ग के उम्मीदवारों के लिए आवेदन शुल्क 1700 रुपए रखा गया है। ईडब्ल्यूएस और ओबीसी-एनसीएल के लिए 1600 और एससी, एसटी, निशक्तजन और थर्ड जेंडर के लिए फॉर्म फीस 1000 रुपए रखी गई है।

### खुले नाले में गिरकर 12 साल का बच्चा घायल

**बिलासपुर।** वेयरहाउस रोड स्थित महामाया विहार एक बड़ी कालोनी है। यहां का नाला सालों से खुला है। कालोनीवासियों ने इसे स्लैब डालकर बंद करने की मांग की है लेकिन सुनवाई नहीं हो रही है। कालोनी के अंदर विशाल हाइट्स अपार्टमेंट है।



यहां रहने वाले नाथानी परिवार का 12 साल का बच्चा इस नाले में गिर गया। उसे आठ टांके लगे हैं। परिवार के के नाथानी ने बताया कि रविवार शाम को बच्चा नक्ष नाथानी अपनी साइकिल से ट्यूशन जा रहा था। इसी दौरान कालोनी के रास्ते में एक कार के गेट से टकरा गया। नाला खुला था जिसमें बच्चा गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे अस्पताल लेकर गए। मामले में कालोनीवासियों के साथ ही परिजनों ने निगम से नाले में स्लैब डालने की मांग की है।

# गोली की आवाज से दहला सरकंडा थाना, आरक्षक सस्पेंड

अलग खबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सरकंडा थाने में पदस्थ आरक्षक नवल तिवारी ने ड्यूटी बदलने के दौरान मैग्जीन निकाले बगैर ही राइफल का ट्रिगर दबा दिया, जिससे एसएलआर राइफल से निकली गोली थाने में लगे पंखे की ब्लेड से लगते हुए छत में घुस गई। बंदूक से चली गोली की आवाज से थाना थर्रा उठा और पुलिस अधिकारी व कर्मचारी थाने से बाहर आ गए। इस दौरान कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई। एसएसपी ने लापरवाही बरतने वाले आरक्षक को सस्पेंड कर दिया है।



**खास बातें**

- ड्यूटी बदलते समय ड्रिल के दौरान बिना मैग्जीन निकाले ट्रिगर दबा दिया
- थाने में मौजूद अधिकारी छिपाते रहे मामला

मोपका लूट के आरोपियों को सरकंडा थाने में जब हिरासत में लिया गया, उसी दौरान थाने में आरक्षक के हाथों से गोली चल गई। बताया जा रहा है कि लूट के आरोपियों को पकड़ने के बाद थाने में सशस्त्र बल की तैनाती की गई थी। सुबह 7 बजे के आसपास आरक्षक नवल तिवारी ड्यूटी पर पहुंचा और मुंशी से एसएलआर राइफल ले ली। इस दौरान बिना मैग्जीन निकाले ही नवल ने ड्रिल शुरू कर दी, ट्रिगर पर हाथ लगते ही गोली चल गई और पूरा थाना गूंज उठा। अफरा-तफरी मचते ही सारे पुलिसकर्मी थाने से बाहर निकले। इस दौरान राइफल की नोक ऊपर की ओर थी, गोली थाने के कमरे में लगे सीलिंग फेन से टकराई और छत में घुस गई। घटना की जानकारी आला अधिकारियों को दी गई, जिसके बाद एसएसपी रजनेश सिंह ने आरक्षक को निलंबित कर दिया है। खास बात यह है कि घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है, जिस समय घटना हुई उस दौरान मुंशी के अलावा अन्य पुलिस कर्मी भी मौजूद थे।

**पहले भी आरक्षकों से हुई है ऐसी गलती**

साल 2005 में तोरवा थाने में मुंशी से राइफल लेने के दौरान आरक्षक ने ट्रिगर दबा दिया था, इस दौरान पुलिसकर्मी बाल बाल बचे थे। गोली सीधे छत पर लगी थी। ऐसा ही 2012-13 के दौरान भी हुआ था जब तत्कालीन क्राइम ब्रांच में चोरी के मामले में संदेही को पकड़ा गया था, बिलासागुड़ी स्थित क्राइम ब्रांच में पूछताछ के दौरान आरक्षक ने सरकारी पिस्टल संदेही पर तान दी थी, धमकाने के दौरान आरक्षक से फायर होते ही संदेही के करीब से गोली निकली और दीवार पर लग गई थी। दरअसल उस समय क्राइम ब्रांच में पदस्थ पुलिसकर्मियों को पिस्टल दी जाती थी। वहीं साल 2018 में भरनी परसदा सीआरपीएफ कैंप में हवलदार ने बैरक में खुद को गोली मार कर आत्महत्या कर ली थी।

**सस्पेंड किया गया**

ड्यूटी बदलने के दौरान पुलिसकर्मियों को ड्रिल करनी होती है। आरक्षक ने बिना मैग्जीन निकाले ही ट्रिगर दबा दिया, जिससे गोली चली। लापरवाही पर आरक्षक को निलंबित किया गया है।

**- रजनेश सिंह**
एसएसपी, बिलासपुर

## लूट की वारदात को अंजाम देने से दो माह पहले से कर रहे थे रैकी

# लूट के आरोपियों ने ली थी भाजपा नेता के कत्ल की सुपारी, वारदात में भाजपाई था शामिल





**दोनों बीजेपी के नेता**





जानकारी के अनुसार राजू सोनकर बेलतरा के पूर्वी मंडल अध्यक्ष और भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष के पद पर रह चुका है। वहीं बंधु मौर्य ने बीजेपी की टिकट पर पार्षद का चुनाव लड़ा था। राजू सोनकर ने बंधु मौर्य के घर और दुकान की रेकी कराई थी। आरोपियों को इस बात की जानकारी थी कि बंधु मौर्य हर सुबह करीब 4 से 5 बजे सब्जी मण्डी जाता है और उसके पास लाखों रूपये रहते हैं। राजू सोनकर ने हत्या कर उससे रकम लूटने के लिए भी आरोपियों को उकसाया था। विनोद प्रजापति ने ही नारद श्रीवास के लिए पिस्टल मंगवाया था। चांटीडीह चौक पर ही बंधु मौर्य की हत्या का प्लान था। राजू ने आरोपियों की तखतपुर और बिलासपुर में बिना आईडी प्रुफ के ठहरने की व्यवस्था की थी।

**इन आरोपियों की हो चुकी है गिरफ्तारी**

- विनोद उर्फ बिन्नु प्रजापति पिता शिवलाल प्रजापति उम्र 33 वर्ष निवासी जमुना कॉलरी थाना भालूमाडा जिला अनूपपूर (म.प्र.)।
- करीम खान पिता वसीम खान उम्र 23 वर्ष निवासी चकमहमूद सकलेननगर ओल्ड सिटी थाना बरादरी जनपद बरेली (उ.प्र.)।
- विजय लाम्बा पिता रामलाल लांबा उम्र 52 वर्ष निवासी चंदन नगर थाना जगतपुरी पूर्वी नई दिल्ली।
- मोनू उर्फ राहूल उर्फ गुडवा पिता सुंदर उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम सोरखा थाना सेक्टर 113 जिला गौतम बुद्ध नगर नोएडा।
- इरफान अली पिता अकरम अली उम्र 32 वर्ष निवासी झलमला थाना सीपत जिला बिलासपुर (छ.ग.)।
- नारद उर्फ सुमित श्रीवास पिता गोपी श्रीवास उम्र 42 वर्ष निवासी 27 खोली थाना सिविल लाईन जिला बिलासपुर (छ.ग.)।
- राजू सोनकर पिता ललंदर सोनकर उम्र 38 वर्ष निवासी चिंगराजपारा देवनचाल के सामने थाना सरकण्डा जिला बिलासपुर (छ.ग.)।

**इन मामलों पर भी अपराध दर्ज**

मामले में सरकंडा थाने में महालक्ष्मी ज्वेलर्स के संचालक संतोष तिवारी पर प्राणघाती हमला और लूट के बाद अपराध क्रमांक 219/2026 धारा 126(2), 109, 309(6), 311, 310(2), 238 बीएनएस 25, 27 आर्म्स एक्ट। लखन देवांगन उर्फ नीटी से लूट की घटना और बंधु मौर्य की हत्या व लूट की साजिश के मामले में अपराध क्रमांक 241/2026 धारा 109, 310(4)(5), 312, 61(2), 111 बीएनएस एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के हमला करने के मामले में थाना अहरौरा जिला मिर्जापुर उत्तर प्रदेश अपराध क्रमांक 35/2026 एवं 36/2026 धारा 109 बीएनएस एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट दर्ज किया गया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मोपका स्थित महालक्ष्मी ज्वेलर्स के संचालक पर पिस्टल के बट और हथौड़ी से वार कर करोड़ों की ज्वेलरी लूटने वाले आरोपी पिछले 2 माह से होटल और फार्महाउस में रहकर प्लानिंग करते रहे, लेकिन इसकी पुलिस को भनक तक नहीं लगी। पकड़े गए आरोपियों ने पिछले 2 माह के दौरान होटल व्यवसायी लखन देवांगन उर्फ नीटी को लूटने का प्रयास किया, साथ ही वे सदर बाजार के बड़े ज्वेलर्स दुकान में लूट का और पार्षद बंधू मौर्य के हत्या का प्रयास कर चुके हैं। पुलिस के पकड़ में आने के बाद घटनाओं में होने की बात कबूल कर ली है।

पुलिस के अनुसार राजकिशोर नगर होटल में रूकने के दौरान आरोपियों ने महालक्ष्मी ज्वेलर्स में लूट का प्लान बनाया था। इसके लिए नारद श्रीवास ने विनोद उर्फ बिन्नू प्रजापति को फोन कर लूट को अंजाम देने के लिए बुलाया, बिन्नू के साथ विजय लांबा, करीब खान, मोनू उर्फ राहूल को दिल्ली से अनुपपुर लाया। इसके बाद अनुपपुर में ही बस से बिलासपुर पहुंचते तक लूट का प्लान तैयार किया गया। इससे पहले विजय लांबा ने मैनपाट के मेले में बाइक की चोरी की। झलमला सीपत निवासी इरफान अली को प्लान शामिल कर लिया गया। वे इरफान की स्कार्पियो से अंबिकापुर से बिलासपुर पहुचे। इन्होंने पार्षद बंधू मौर्य की हत्या करने और महालक्ष्मी ज्वेलर्स की रैकी करने के लिए 4 पहिया वाहन की जरूरत पड़ने पर अकलतरा से मारूती इको की चोरी की। 17 फरवरी की रात 9.15 बजे महालक्ष्मी ज्वेलर्स के संचालक संतोष तिवारी दुकान बंद कर अपने घर जा रहे थे, इस दौरान मौका पाकर आरोपियो ने श्री तिवारी की कार क्रमांक सीजी 10 एएच 7701 को टक्कर मार दी और मारपीट करते हुए ज्वेलरी व कार लूट लिया। आरोपियों ने 4 बड़े बैग पर हाथ मारते हुए 2 किलो सोना, 200 ग्राम ज्वेलरी, 350 ग्राम कच्चा सोना, 100 ग्राम फाइन गोल्ड और 3 लाख 50 हजार की नकद लूट कर सीपत की ओर भाग निकले। इसके बाद अंबिकापुर की ओर भाग खड़े हुए।

**आरोपियों से जब्त सामान**

हत्या की पेशगी के तौर पर लिए गए 5 लाख 33 हजार रू नगद, 6 धारदार चाकू, 1 देशी कट्टा, 1 जिंदा कारतूस, 6 मोबाईल, 1 मारूती इको कार, 1 रेनॉल्ट क्वीड कार, 1 महिन्द्रा स्कार्पियो कार।

- बीजेपी के पार्षद की हत्या की ली थी सुपारी, प्लान फेल होने पर की वारदात।
- आरोपी होटल व्यवसायी पर भी तान चुके थे कट्टा।

### सदर बाजार की दुकान में सेंधमारी का था प्लान

बंधु मौर्य की हत्या और लूट का प्लॉन फेल होने के बाद अगले दिन नारद श्रीवास, विजय लॉम्बा और अन्य साथी सिम्स चौक के पास होटल में मिले। नारद श्रीवास ने इस दौरान लंबे समय तक शहर में रूकने के लिए रूपए का इंतजाम करने सदर बाजार के ज्वेलर्स दुकान में चोरी करने का प्लान सुझाया। आरोपियों ने मिलकर सेंधमारी की योजना बनाई। नारद श्रीवास ने कहा कि इस दौरान ढोल, तासा से शोर कर सेंधमारी की जाएगी। विजय ने कहा कि तिजोरी काटने वाला कोई नहीं है। इसके बाद लखीराम आडोटोरियम के सामने नीटी होटल के संचालक की बात नारद ने सभी को बताई और कहा वह अच्छा खासा सोना पहनता है उसे लूटा जा सकता है। इसके बाद ही विजय लाम्बा, गगनदीप, रिंकु और आमिर दो मोटर सायकल में लखन देवांगन उर्फ नीटी का पीछा किया और लूटने का प्रयास किया लेकिन यह प्रयास भी असफल रहा। इसके बाद दोनो बाइक को रेल्वे स्टेशन में छोड़कर ट्रेन से अनूपपूर भाग निकले, लेकिन वारदात के बाद पुलिस ने गगनदीप को पकड़ लिया था।

### पार्षद की हत्या का बनाया था प्लान

पुलिस ने टेक्निकल और लोकल इनपुट के सहारे यूपी के मिर्जापुर से कुख्यात आरोपी के साथ अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी की है। पुलिस को पता चला है कि बीजेपी के नेता राजू सोनकार ने बीजेपी के ही पार्षद बंधू मौर्य की हत्या की सुपारी दी थी। पुलिस ने बताया कि प्रोडक्शन रिमाण्ड पर आरोपी विजय लाम्बा एवं विनोद उर्फ बिन्नु प्रजापति से पूछताछ की गई। जिसमें आरोपियों ने बताया 27 खोली में रहने वाले नारद श्रीवास ने चार माह पहले विनोद प्रजापति को फोन पर बड़ा काम कर अच्छा रूपया कमाने का प्लान बताया। इस दौरान विनोद अपने साथी विजय लांबा, रिंकु गगनदीप, आमिर को लेकर दिसंबर माह में बिलासपुर पहुंचा और होटल सेलिब्रेशन में रूका। इस दौरान दयालबंद का रहने वाला राजू सोनकार ने मीटिंग की और कहा कि उसका जमीन को लेकर सब्जी व्यापारी और पार्षद बंधु मौर्य से टशन चल रहा है, उसकी हत्या कराने के लिए राजू ने 25 लाख की सुपारी दी। बतौर एडवांस राजू ने नारद को 6 लाख रूपए दिया। इस दौरान राजू ने ही बंधु मौर्य के आने-जाने, व्यापार, पारिवारिक सदस्य की जानकारी आरोपियों तक पहुंचाई थी। रैकी करने के बाद आरोपियों ने 18 दिसंबर को बंधू मौर्य को ठिकाने लगाने का प्लान बनाया और नारद श्रीवास, विनोद प्रजापति, विजय लांबा, रिंकु, गगनदीप, आमिर एकसाथ चोरी की मोटर सायकल में बैठ चांटीडीह काम्प्लेक्स के पास पहुंच गए। बंधू मौर्य के आने के समय में उसकी हत्या कर लाखों रूपए लूटने का प्लान बनाया गया। काम्पलेक्स के पास बंधु मौर्य की गाड़ी पहुंचते ही आरोपियों ने पिस्टल दिखाकर उसे रूकने का प्रयास किया, लेकिन बंधु मौर्य कार की स्पीड बढ़ाकर निकल गया। इससे आरोपियों का प्लान फेल हो गया। प्लान फेल होते ही आरोपी राजकिशोर नगर की होटल में छिप गए।

### आईजी ने कहा- पुलिसकर्मियों को किया जाएगा पुरस्कृत

एक साथ कई मामलों को परत दर परत सुलझाने के मामले में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर पंकज पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्रीमती मधुलिका सिंह, नगर पुलिस अधीक्षक सिविल लाईन निमितेश सिंह, अंशिका जैन सहित अन्य स्टॉफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। आईजी रामगोपाल गर्ग और उप पुलिस महानिरीक्षक व एसएसपी रजनेश सिंह ने पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की सराहना करते हुए इनाम की घोषणा की है।

### सरकंडा और एसीसीयू की टीम की मेहनत

एसीसीयू एवं सरकण्डा थाने की संयुक्त टीम तैयार कर आरोपियों की पतासाजी की गई है। इस दौरान वारदात के बाद सैकड़ों सीसीटीवी की फुटेज खंगाला गया और सायबर सेल की टेक्निकल टीम को लगाया गया। इस दौरान लोकल इनपुट के लिए मुखबीर को एक्टिवेट किया गया। डॉग स्क्वायड, एफएसएल टीम, फिंगर प्रिंट टीम व तकनीकी विशेषज्ञों से तकनीकी साक्ष्य मांगकर पुलिस ने 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

## आर्थिक अनियमितता व भंडार क्रय नियम के उल्लंघन का आरोप

# जैम पोर्टल में गड़बड़ी, एयू के तत्कालीन रजिस्ट्रार सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

राज्य शासन के उच्च शिक्षा विभाग ने सोमवार को अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी के तत्कालीन रजिस्ट्रार शैलेन्द्र दुबे को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। श्री दुबे पर यूनिवर्सिटी मद से आबंटित राशि में गड़बड़ी व जैम पोर्टल माध्यम से सामग्री क्रय कर आर्थिक अनियमितता मामले में प्रथम दृष्टया संलिप्तता पाई गई है।

राज्य शासन के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश के तहत श्री दुबे का निलंबन अवधि में मुख्यालय क्षेत्रीय अपर संचालक कार्यालय उच्च शिक्षा विभाग बिलासपुर संभाग होगा। नियमानुसार निलंबन अवधि में उन्हें जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी। शासन के आदेश में विभागीय जांच की प्रक्रिया पृथक से किए जाने की बात कही गई है। जांच में पाया गया है कि तत्कालीन रजिस्ट्रार श्री दुबे ने छत्तीसगढ़ भंडार क्रय नियम 2002 संशोधित 2025 के संगत नियमों का पालन नहीं किया। उक्त कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के विपरीत है। इसलिए शासन ने उन्हें छत्तीसगढ़ सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील नियम 1966 के नियम के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

**शासन ने जारी किया आदेश**



जैम पोर्टल खरीदी में नया कारनामा, सप्लाई करने वाले का नाम तो दर्ज लेकिन खरीदने वाले कौन हैं पता ही नहीं

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

### प्रिंसिपल व असिस्टेंट प्रोफेसर समेत पांच पर पहले गिरी थी निलंबन की गाज

इससे पूर्व जैम पोर्टल में आर्थिक गड़बड़ी किए जाने के मामले में कालेज के प्राचार्य सहित पांच असिस्टेंट प्रोफेसरों पर निलंबन कार्रवाई की गाज गिर चुकी है। पहली कार्रवाई शासकीय कालेज लोहारकोट महासमुंद में हुई, जहां प्राचार्य डॉ. एसएस तिवारी द्वारा पीएम उषा मद से आबंटित की गई राशि में गड़बड़ी, जैम पोर्टल के माध्यम से सामग्री क्रय किए जाने में आर्थिक अनियमितता में संलिप्तता पाई गई। इसी तरह शासकीय कालेज पिथौरा के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सीमा अग्रवाल व असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. बृहस्पत सिंह विशाल एवं असिस्टेंट प्रोफेसर पीठी सिंह ठाकुर और असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. एसएस दीवान इन पांचों पर निलंबन की गाज गिरी थी।

### तीन सदस्यीय टीम आई थी जांच करने

अटल यूनिवर्सिटी में आर्थिक गड़बड़ी संबंधी शिकायतें होती रही है, जिसपर उच्च शिक्षा विभाग ने मामले में जांच के निर्देश दिए थे। कुछ माह पहले यूनिवर्सिटी में उच्च शिक्षा विभाग की ओर से एडीशनल डायरेक्टर केके तिवारी के नेतृत्व में असिस्टेंट डायरेक्टर गोवर्धन यदु व वित्त अधिकारी महेस साहू की तीन सदस्यीय उच्च स्तरीय जांच टीम जांच करने आई थी। जांच टीम यूनिवर्सिटी प्रशासन से मामले में जवाब मांगा था और अपने साथ टेंडर, सामग्री खरीदी आदि से संबंधित दस्तावेज भी जब्त कर अपने साथ ले गई थी।

### जैम पोर्टल के प्रावधानों का उल्लंघन

खबर है कि भंडार क्रय नियमों की अवहेलना के साथ ही जैम पोर्टल के प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए जाबूझकर टेंडर में कई शर्तें जोड़ी गई। फर्मों का मालिकाना संरचना एक ही व्यक्ति से जुड़े होने की बात भी सामने आई थी। जैम पोर्टल पर अलग-अलग पहचान देकर खरीदी का फार्मेट तैयार किया और टेंडर प्रक्रिया में ऐसे शर्तें जोड़ी गईं जो केवल संबंधित सप्लायरों के पास ही उपलब्ध थी।

### छात्र प्रतिनिधियों ने उठाया था मामला

अटल यूनिवर्सिटी में सामग्री खरीदी, जैम पोर्टल के माध्यम से क्रय नियमों का उल्लंघन सहित आर्थिक गड़बड़ी का मामला सूरज सिंह राजपूत आदि छात्र प्रतिनिधियों द्वारा बार-बार उठाया जाता रहा है। छात्र प्रतिनिधियों ने इस मामले को लेकर उच्च शिक्षा विभाग से लेकर राजभवन तक शिकायत की थी और मामले में जांच एवं कार्रवाई की मांग उठाई थी।

# रतनपुर के ब्रांच मैनेजर करेंगे फर्जीवाड़ा की जांच

**बिलासपुर।** सहकारी बैंक की सीपत शाखा में विड्रॉल फार्म में ओवर राईटिंग कर किसान के खाते से अधिक राशि निकाल लेने के मामले में जिला सहकारी बैंक प्रशासन कड़ा रूख अपना रहा है। इस मामले में सहकारी बैंक रतनपुर के ब्रांच मैनेजर को जांच प्रभारी बनाते हुए एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की सीपत शाखा में नवंबर 2025 में दर्राभांठा के एक किसान के खाते से बैंक में ही पदस्थ महिला क्लर्क के द्वारा विड्रॉल फार्म में ओवर राईटिंग कर अधिक राशि निकाल लेने के मामले में जांच प्रारंभ कर दी गई है। ब्रांच मैनेजर सीपत के द्वारा इस संबंध में हेड ऑफिस में प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है। प्रतिवेदन के आधार पर जिला सहकारी बैंक प्रशासन के द्वारा प्रकरण की निष्पक्ष जांच के लिए जिला सहकारी बैंक रतनपुर शाखा के मैनेजर विक्रम सिंह को जांच अधिकारी बनाया गया है। इसके लिए श्री सिंह को एक सप्ताह का समय दिया गया है। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित के सीईओ प्रभाति मिश्रा ने बताया कि सीपत ब्रांच में फर्जी तरीके से किसान के खाते से अधिक पैसे निकाल लेने के मामले में रतनपुर के ब्रांच मैनेजर को जांच प्रभारी बनाते हुए एक सप्ताह के भीतर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।



सहकारी बैंक की महिला क्लर्क ने ओवर राइटिंग कर निकाले पैसे

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

## खबर संक्षेप

### हल्की बारिश से बदला मौसम

**तखतपुर।** सुबह से आसमान में बदली छाए रहे और दोपहर हल्की बारिश होने से फिर से एक बार मौसम में नमीं आई। सुबह से ही बदली छायी रही जिसके कारण मौसम में ठण्डकता बनी रही धूप नही निकलने से भी लोगों ने राहत की सांस ली। वहीं दोपहर में जोरो की हवा के साथ हल्की बारिश भी हुई बारिश होने के बाद फिर से एक बार ठण्डी का अहसास लोगों को हुआ।

## निधन

### विद्याधर बाजपेयी



**बिलासपुर।** स्टेट बैंक आफ इंडिया के सेवानिवृत देवनंदन नगर निवासी विद्याधर बाजपेयी का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सोमवार 23 फरवरी को सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे संदीप, संजीव, एवं श्वेता के पिता थे।

### मोहन लाल गुप्ता



**बिलासपुर।** जूना बिलासपुर निवासी मोहन लाल गुप्ता का सोमवार 23 फरवरी को निधन हो गया। वे 77 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार मधुबन मुक्तिधाम दयालबंद में किया गया। वे रमेश गुप्ता, वीरेन्द्र गुप्ता, शशि किरण गुप्ता, सीमा गुप्ता के पिता थे।

### शशि बनर्जी



**मुंगेली।** ग्राम लगरा निवासी शशि बनर्जी का 23 फरवरी को निधन हो गया। वे पूर्व विधानसभा कांग्रेस प्रत्याशी संजीत बनर्जी के बड़े भाई थे। उनका अंतिम संस्कार ग्राम लगरा में किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सामाजिकजन एवं नागरिक उपस्थित थे।

### गुरदीप कौर



**मुंगेली।** बड़ा बाजार निवासी सरदार रणजीत सिंह सलुजा की पत्नी श्रीमती गुरदीप कौर सलूजा का 23 फरवरी को निधन हो गया। वे गुरुचरण सलूजा राजू, नरेंद्र सलूजा निन्द्रू, हरमीत सलूजा डिम्पल, छत्रपाल सलूजा चिंटू की मां थी। उनका अंतिम यात्रा 24 फरवरी मंगलवार को सुबह 10 बजे निवास स्थान से खर्राघाट मुक्तिधाम के लिए निकलेगी।

### छात्राओं को स्किल प्रमाण पत्र का वितरण

# शिक्षा ही व्यक्ति के जीवन की उन्नति का मुख्य आधार: धर्मजीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विधायक धर्मजीत सिंह ने व्यवसायिक शिक्षा के अंतर्गत रिटेल ट्रेड के छात्राओं को स्किल प्रमाण पत्र वितरीत किया।

विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि शिक्षा ही व्यक्ति के जीवन का उन्नति का मुख्य आधार है परंतु शिक्षा हम कोई भी हासिल करें उसमें नम्बर कोई मायने नही रखता। मायने रखता है तो वह उस शिक्षार्थी की कुशलता जिसके बदौलत वह किसी भी काम को बखूबी निर्वाह कर अपने जीवन को सुदृढ़ करता है। वर्तमान में व्यवसायिक शिक्षा को लेकर हमारी सरकार प्रतिबद्ध है और इसके लिए वे एक विशेष कार्य योजना बनाकर काम कर रही है। जिसमें छात्र छात्रों को स्कूली जीवन से ही व्यवसायिक दक्षता मिल सके। जिससे वह अपने वाले समय में आर्थिक रूप से स्वयं मजबूत बन सके इसलिए यह काम किया जा रहा है। वर्तमान समय में शिक्षा के साथ साथ एक अन्य स्कील की भी आवश्यकता होती है। जो उस व्यक्ति को जीवन में आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनाता है विद्यालय में अध्ययनरत रिटेल की छात्राएं स्कील प्रमाण पत्र को अपने कठोर परिश्रम से हासिल किया है और इसका वे आने वाले समय में बेहतर उपयोग करेंगे। कार्यक्रम का संचालन जितेंद्र शुक्ला और आभार प्रदर्शन नरेंद्र राजपूत ने किया। इस अवसर पर गुलजीत खुराना, दिनेश राजपूत, कृष्ण कुमार साहू, नैन लाल साहू, अमित मंदानी, वंदना सिंह, शिप्रा सामुएल, अमरिका साहू, मीना ठाकुर, श्यामारामानंदी, तब्बसुम जिंदरान, जुनेद जिंदरान, रश्मि मिश्रा, मिनाज खान, अमोद एक्का, अंकित विश्वकर्मा, गिरधारी वैष्णव, मिनाक्षी शर्मा, मिनाक्षी बनर्जी, कामिनी गुप्ता, स्वीटी सिंह, बलीराम सूर्यवंशी सहित अन्य उपस्थित रहे।



छात्राओं को स्किल प्रमाण पत्र वितरित करते विधायक धर्मजीत सिंह।

### आवश्यकताओं का मूल्यांकन कर बनाई जाए कार्ययोजना: कलेक्टर

# स्कूलों के लिए भेजी गई राशि का समय सीमा में करें उपयोग

खबर का असर

**मुंगेली।** समग्र शिक्षा के अंतर्गत राज्य कार्यालय द्वारा व्यावसायिक शिक्षा के तहत जिले के 41 स्कूलों के लिए सत्र 2025-26 के लिए नवम्बर माह में भेजे गए 2-2 लाख रुपए नहीं पहुंचने के मामले में जिला प्रशासन ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया है कि प्राप्त राशि का उपयोग समय सीमा में सुनिश्चित करें। कलेक्टर कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि शासन के निर्देशानुसार विद्यालयों को आवश्यक संसाधन शीघ्र उपलब्ध हों, जिससे व्यावसायिक शिक्षा को जमीनी स्तर पर मजबूती मिले और छात्र-छात्राएं कौशल आधारित शिक्षा से लाभान्वित हो सकें।

अब तक नहीं पहुंची 41 स्कूलों के लिए भेजी गई राशि शीर्षक से हरिभूमि में प्रकाशित खबर के बाद जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शिक्षा गुणवत्ता सुधार एवं विद्यार्थियों के कौशल विकास के लिए सभी आवश्यक कदम प्राथमिकता के साथ उठाए जा रहे हैं। समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत राज्य कार्यालय द्वारा जिले के चिन्हांकित हाई एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा को प्रोत्साहित करने हेतु प्रत्येक विद्यालय को 02 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस राशि का उद्देश्य विद्यालयों में संचालित व्यावसायिक ट्रेड के अनुरूप आवश्यक सामग्री एवं संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करना है, ताकि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं व्यवहारिक शिक्षा मिल सके। इस हेतु डी.ई.ओ एवं डीएमसी को संपूर्ण राशि का आवश्यकतानुसार आंकलन कर कार्ययोजना बनाने हेतु निर्देशित किया गया था। प्रस्तुत कार्ययोजना का डीएमसी के द्वारा परीक्षण करने पर कई प्रकार की कमियां पाई गई है तथा यह प्रतीत होता है कि स्कूलों के प्राचार्य द्वारा गाइड लाइन का पालन नहीं किया गया है तथा वास्तविक आवश्यकता का आंकलन किए बिना ही कार्ययोजना प्रस्तुत कर दी गई है। कार्ययोजना में अनावश्यक खरीदी के लिए फाइलें प्रस्तुत की गई। आवश्यकताओं का यथोचित प्राक्कलन नहीं किया गया एवं समग्र द्वारा निर्धारित प्रावधानों का पालन नहीं किया गया। अतः आवश्यकता आधारित कार्य योजना के निर्माण व परीक्षण हेतु एसडीएम की अध्यक्षता में बीईओ एवं बीआरसी सहित एक कमेटी का गठन किया गया है, जो कि प्रत्येक स्कूल के लिए पृथक कार्य योजना प्रस्तुत कर सकें। ताकि शासन से प्राप्त राशि का सदुपयोग सुनिश्चित किया जा सके। उपलब्ध राशि का उपयोग 2025-26 वित्तीय वर्ष में किया जाना है, जिसके लिए जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया है कि इसका उपयोग समय सीमा में सुनिश्चित करें। कलेक्टर द्वारा निर्धारित प्रावधानों को अनुरूप आवश्यकताओं का मूल्यांकन करते हुए कार्य योजना बनाने निर्देशित किया गया है।


विद्यार्थियों को नहीं मिली शैक्षणिक सुविधाएं
अब तक नहीं पहुंची 41 स्कूलों के लिए भेजी गई राशि

# स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचने सड़क नहीं, मरीज-परिजन परेशान

**तखतपुर।** दो करोड़ की लागत से लिदरी में बने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंच के लिए इस सड़क तक नहीं है जिसके कारण मरीजों को ईलाज कराने के पहले अस्पताल तक पहुंचने के लिए पहले मरीजों और परिजनों को मुसीबतों को सामना करना पड़ता है।



स्वास्थ्य विभाग की ओर से बिलासपुर मुंगेली मुख्य मार्ग में लिदरी में दो करोड़ की लागत से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनाया गया है यह भवन सर्वसुविधा युक्त है। क्षेत्र के मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य लाभ दिलाने के उद्देश्य से इस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चालू किया गया है परंतु मुख्य मार्ग से इस भवन तक की दूरी लगभग 200 मीटर है और यह उबड़ खाबड़ है जिसके कारण यहां पर ईलाज कराने के लिए पहुंचने वाले मरीजों और उनके परिजनों को ईलाज से पहले सड़क से जुझना पड़ता है। गंभीर बीमारी के मरीजों को भारी परेशानी होती है। वहीं कुछ मरीज जो स्वयं आते हैं जिसके कारण उन्हें और असुविधा होती है। भवन तो बन गया और स्वास्थ्य केंद्र भी शुरू हो गया परंतु सड़क की सुध नहीं ली गई जबकि आवागमन ही सबसे मुख्य होता है। आसानी से मरीज अस्पताल तक पहुंच सके। कुछ दिनों पूर्व बिलासपुर कलेक्टर भी इस स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण करने पहुंचे थे और उन्हें भी सड़क कि समस्या के बारे में अवगत कराया गया था परंतु अभी तक पहुंच मार्ग नहीं बन सका है।

# चिंगराजपारा बी टीम ने जीता कबड्डी का खिताब

**सकरी।** राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता फाइनल मुकाबला चिंगराजपारा ए, चिंगराजपारा बी टीम के बीच खेला गया। मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष कौशिक गुरुजी, अध्यक्षता सभापति अरुण सिंह चौहान एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष तखतपुर प्रतिनिधि संतोष वस्त्रकार, जनपद उपाध्यक्ष राकेश तिवारी, जनपद सदस्य ऋषभ मनहरण कौशिक, सरपंच संघ अध्यक्ष श्याम सुंदर कश्यप, सरपंच जगत राम साहू, किरण वस्त्रकार, मुंजन साहू, राज कमल साहू ,अक्षय चौहान, पूर्व सेवानिवृत्त टीआई धन्नू यादव, डी.आर कौशिक रहे।



फाइनल में चिंगराजपारा बी बिलासपुर ने अत्यंत रोमांचक मुकाबले में चिंगराजपारा ए टीम पर बढ़त बनाते हुए शानदार जीत दर्ज की। इस प्रकार प्रथम स्थान पर चिंगराजपारा बिलासपुर बी, द्वितीय स्थान पर चिंगराजपारा ए, तृतीय स्थान पर मेजबान टीम परसदा ने तथा चतुर्थ स्थान पर अमाली के टीम ने जगह बनाई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष कौशिक गुरुजी ने कहा खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। जनपद उपाध्यक्ष राकेश तिवारी ने जीवन में खेलों महत्व बताया। कार्यक्रम में जगत राम साहू, सुनील यादव, कैलाश वस्त्रकार, जागेश्वर यादव, अमित कौशिक, परमेश्वर कौशिक, कमलेश यादव, धन्नू कौशिक, अरविन्द वस्त्रकार, दिलेश्वर श्रीवास, त्रिभुवन यादव, नवीन यादव, कमलेश कैवर्त, गौरी शंकर साहू, दीपक साहू, मोहन साहू, रामदेव, अजीत निर्मलकर, धर्मेंद्र निर्मलकर, अविनाश यादव, विकास यादव सहित ग्रामीण शामिल थे।

# हिंदू नववर्ष मनाने विक्रमादित्य समिति की बैठक

**सीपत।** हिन्दू नववर्ष मनाने को लेकर सम्राट विक्रमादित्य हिन्दू नववर्ष आयोजन समिति की बैठक स्थानीय विश्रामगृह में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया तथा इस वर्ष हिन्दू नववर्ष को ऐतिहासिक, भव्य और यादगार बनाने का संकल्प लिया गया। बैठक में समिति के अध्यक्ष पद पर वैभव तंबोली को जिम्मेदारी सौंपी गई।

वहीं उपाध्यक्ष के रूप में ओम प्रकाश साहू और दीपक वैष्णव, कोषाध्यक्ष के रूप में ललित यादव तथा सहकोषाध्यक्ष के रूप में भूपेंद्र गिरी गोस्वामी और रघुनंदन श्रीवास को नियुक्त किया गया। प्रचार-प्रसार प्रमुख की जिम्मेदारी चंद्रहास साहू और यशवंत साहू को दी गई, जबकि सोशल मीडिया प्रभारी के रूप में सतीश गिरी गोस्वामी और ओंकार साहू को नियुक्त किया गया। सह प्रचार प्रमुख के रूप में नीतीश साहू तथा व्यवस्था प्रमुख के रूप में परमेश्वर रजक को महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया। समिति के संरक्षक मंडल में राजेंद्र धीवर , दिलेन्द्र कौशिल, दीपक शर्मा, देवेश शर्मा, रविकांत राजवाड़े, तुषार चंद्राकर, प्रमोद कश्यप और राजेश केवट सहित अन्य वरिष्ठजनों को शामिल किया गया, जो आयोजन को मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। बैठक में इस वर्ष हिन्दू नववर्ष पर निकलने वाली शोभायात्रा को अभूतपूर्व और आकर्षक बनाने पर विशेष जोर दिया गया।






हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, मंगलवार 24 फरवरी 2026

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




कार्यक्रम

## आर्थोपेडिक परामर्श एवं निदान शिविर में 132 लोगों का परीक्षण



**बिलासपुर।** भारतीय जैन संघठना द्वारा तीसरी बार शेल्बी हॉस्पिटल अहमदाबाद के सुप्रसिद्ध डॉक्टरों की उपस्थिति में कन्हैयालाल जी गंगवाल की स्मृति में निःशुल्क आर्थोपेडिक परामर्श एवं निदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के समापन में विशिष्ट अतिथि गणो में जैन समाज के संरक्षक सनत जैन, गुजराती समाज के कीर्ति भाई गांधी, नेशनल वाईस प्रेसिडेंट बीजीएस संजय सिंगी रायपुर, प्रदेश अध्यक्ष बीजीएस विजय गंगवाल, नेशनल हेड इन्सेप्शन प्रोग्राम एवं पूर्व राज्याध्यक्ष मनोज लुंकड़, पूर्व राज्याध्यक्ष एवं मैट्रिमोनी हेड प्रमोद लूणावत उपस्थित थे । शिविर जैन भवन, टिकरापारा बिलासपुर में संपन्न हुआ । इस शिविर का लाभ सर्व समाज ने लिया। शिविर में सैलबी हॉस्पिटल अहमदाबाद से विशेषज्ञ डॉ. धीरेन मांकड़ सीनियर आर्थोपेंडिक सर्जन, डॉ. परेश गमारा आर्थोपेंडिक सर्जन, जय अंबाला अहमदाबाद एवं से डॉ मार्टिना जॉन हीलिंग टच फिजियोथेरेपी विशेषज्ञ उपस्थित थे । सभी चिकित्सकों का विशिष्ट अतिथियों के द्वारा मोमेंटो देकर सम्मान किया गया। वहीं बिलासपुर भारतीय जनसाधारण की टीम के द्वारा प्रदेश से पधारे सभी विशिष्ट अतिथियों का शाल श्रीफल से सम्मानित किया गया । कार्यक्रम का संचालन महिला शाखा अध्यक्ष सुनीता जैन एवं आभार प्रदर्शन पुरुष शाखा अध्यक्ष अंशुल जैन ने किया । इस अवसर अमरेश जैन, केतन सुतारिया, अंशुल जैन, सुनीता जैन, रितु जैन, प्रवीण कोचर, अजय छाजेड, सुमित बोथरा, मनोज जैन, पूनम तेजाणी, गोपाल वेलाणी, रीतेश तेजाणी, राजू भाई तेजाणी, अभिनव डाकलिया, लक्ष्मी जैन सहित समाज के लोग उपस्थित थे।

शिविर

## समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने हो प्रयास



**बिलासपुर।** राष्ट्रीय सेवा योजना पी.एन.एस. महाविद्यालय द्वारा ग्राम पंचायत बहतराई में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य युवाओं में सामाजिक जागरूकता विकसित करना तथा नशामुक्त समाज के निर्माण का संदेश जन-जन तक पहुंचाना रहा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रेखा गुल्ला सदस्य रासेयो एयू ने युवाओं को अनुशासन, सेवा भावना और नेतृत्व क्षमता के साथ समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने हेतु प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में सहोरिक यादव नायब तहसीलदार ने युवाओं को सामाजिक कर्तव्यों के प्रति सजग रहने और नशा मुक्त अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने का संदेश दिया। एम.एम. गुल्ला जिला उपाध्यक्ष सक्षम ने समाज में नैतिक मूल्यों और जागरूकता की आवश्यकता पर बल दिया। अनिल गढ़ेवाल स्वास्थ्य विभाग ने नशे के दुष्परिणामों एवं स्वास्थ्य पर उसके गंभीर प्रभावों की जानकारी देते हुए युवाओं को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। धनेश रजक पूर्व सलाहकार रासेयो एयू ने अपने अनुभव साझा करते हुए युवाओं को समाज सेवा के माध्यम से स्वयं को सशक्त बनाने का आह्वान किया। योगेश चंद्राकर ने युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में लगाने की बात कही। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। शिविर के दौरान खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला गया। नशा मुक्ति विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें बच्चों ने अपने चित्रों के माध्यम से जागरूकता का संदेश दिया। यह संपूर्ण कार्यक्रम मोना केंवट कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

# होलियाना माहौल : नगाड़े की थाप पर फाग की मंडली मोहल्लों में थिरक रही, रंगों का बाजार सजकर तैयार

शहर के बाजार में अब होली का माहौल नजर आने लगा है, वहीं मोहल्लों में फाग गीतों की महफिल भी नगाड़े की थाप पर जमकर थिरक रही है। फाग का होलियाना गायन अब लोगों को होली मनाने खूब रिझा रहा है। चौक-चौराहों पर रंग-गुलाल और पिचकारी की दुकानें भी सज गईं है। पर्व आने से पहले ही अब बाजार में खरीदारों की भीड़ भी नजर आने लगी है, यह उत्सव नगाड़ों के बाजार से गुलजार हो रहा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

होली पर्व मनाने के लिए तैयारियां शुरू हो गई है। शनिचरी रपटा में लगे दुकानों में नगाड़ों की कीमत 100 रुपए से लेकर 3000 हजार रुपए तक है। करीगरों ने बताया कि नगाड़ों की साइज के हिसाब से कीमतें तय है। बताया गया कि नगाड़ों की बिक्री शुरू हो गई है।

होली पर्व के पहले इस बार अच्छी बिक्री की उम्मीद है, होली का पर्व में रंग-गुलाल के अलावा नगाड़े का विशेष महत्व होता है, नगाड़े की धुन पर फाग गीत के साथ होली का खुमार बढ़ता है, लोग फाग गाते हुए होली का आनंद लेते है। यहीं वजह है कि बाजार में नगाड़े की दुकानें सजने लगी हैं। बाजार में इसकी पूछ परख भी होने लगी है।



### फाग का सौ वर्ष पुराना इतिहास



समाज को संगठित करने व एकता लाने के उद्देश्य से कान्य कुब्ज ब्राम्हण समाज के फाग गायन की परम्परा की शुरुवात की गई थी यह परम्परा 100 वर्ष से भी ज्यादा समय से चली आ रही है, समाज के संरक्षक राम प्रसाद शुक्ला अध्यक्ष अरविन्द दीक्षित व सचिव मनोज शुक्ला ने बताया कि फाग गायन बसंत पंचमी के दिन से हरदेव लाल मंदिर गोल बाजार में होता है। इसका समापन शीतलाष्टमी के दिवस पर इसी मंदिर में फाग गायन के पश्चात होलिका दहन के साथ किया जाता है7 होली खेलने के दिन भी समाज के लोगो की टोली ढोलक मंजीरा के साथ शहर के प्रमुख लोगो के यहाँ घर घर जाकर फाग गायन करती है। घर के लोगो के द्वारा टोली का स्वागत गुजिया, ठंडाई, मिष्ठान, नमकीन के साथ करते है फाग मंडली उन्हे इस प्रकार आशीर्वाद देती है। फाग वास्तव में बैसवारी होती है जिसका गायन उत्तर प्रदेश के 5 गांव टौरी, टोरा, पारगांव, भसैही, पचड्डा से शुरू हुआ फिर उ0प्र0 से बिलासपुर आये कान्यकुब्ज ब्राम्हण परिवार के लोग परम्परा का निर्वाह करते हुये सामाजिक एकता को मजबूत करने व समाज को संगठित करने के उद्देश्य से घर घर जाकर फाग करना शुरू किया।

### श्रीकृष्ण कहै सुनुरी मइया, हमका ब्रज नारि सतौति है

फाग की मंडली में भगवान कृष्ण,राम, शिव व देवी-देवताओं से सबंधित फागों का गायन देर रात तक चलता है। गुलाल के रंगों को उड़ाकर सभी होली के इस उत्सव को उत्साह से उत्सव की तरह मनाते है। इस मंडली में बच्चों से लेकर बड़े-बुजुर्ग भी खुब आनंद लेते है।

## बेलतरा सीपत महोत्सव में होगा गीत, गायन

होली पंचमी का रंग बेलतरा सीपत के संग महोत्सव का आयोजन 7 मार्च रविवार को शाम 6 बजे स्थानीय बाजपेयी परिसर विकास नगर 27 खोली में किया गया है। इसमें बसंत मधुर गीत का गायन किया जाएगा। साथ ही साहित्यिक, राजनीतिक, प्रशासनिक, लोक कला, संगीत एवं पत्रकारिता के क्षेत्र में विशिष्ट काम करने वालों को बसंत अलंकारों से विभूषित किया जाएगा।

कार्यक्रम के संयोजक पूर्व विधायक चन्द्र प्रकाश बाजपेयी ने बताया कि आयोजन का यह 31 वां वर्ष है। इस महोत्सव में बसंत मधुर गीत का गायन काव्य भारती संस्था की सदस्य डॉ सुप्रिया भारतीयन, डॉ रत्ना मिश्रा, किरण बाजपेयी, निवेदिता सरकार, सविता कुशवाहा, अंचल तिवारी, हर्षिता सिंह व साथी करेंगे। विख्यात कलाकार श्री कौशिक अनूप लाफ्टर शो कवर्धा, छ्त्तीसगढ़ी लोक कलाकार माधव चंद्राकर के बसंत गीत एवं फाग गायन कलाकारों में डॉ राम नारायण ध्रुव, परमेश्वर चंद्राकर, गौरीशंकर, एलपी चंद्राकर, आरसी चंद्राकर, अनिरुद्ध, राजेन्द्र, आरएस चंद्राकर, उमाशंकर चंद्राकर, आरडी कश्यप, कमलेश चन्द्राकर, भुनेश्वर एवं देव चंद्राकर की प्रस्तुति होगी। बाजपेयी परिवार द्वारा ठंडाई, भजिया, झोझो का वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक चन्द्र प्रकाश बाजपेयी, सुरेश कश्यप सरपंच बेलतरा, मनीषा योगेश वंशकार सरपंच सीपत एवं अखिलेश चन्द्र प्रदीप बाजपेयी अध्यक्ष जंगल मितान ने नगर के प्रबुद्ध वर्ग, गीत-संगीत रसिकों से इस आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आग्रह किया है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर विधायक अमर अग्रवाल होंगे। अध्यक्षता विधायक तखतपुर ठा. धर्मजीत सिंह करेंगे। विशिष्ट अतिथि विधायक बेलतरा सुशांत शुक्ला, महापौर पूजा अशोक विधानी, सभापति विनोद सोनी होंगे।

### इनका होगा सम्मान

बसंत विभूषण धरमलाल कौशिक विधायक बिल्हा, बसंत रत्न प्रो. एडीएन बाजपेयी कुलपति अटल बिहारी विश्व विद्यालय बिलासपुर, बसंत चक्र फ़िल्म निर्माता डॉ जेठू राम साहू, बसंतश्री तारणी शुक्ला उप संपादक हरिभूमि एवं बसंत लोक चक्र सम्मान से एस भारतीयन आईआरटीसी मंडल वाणिज्य प्रबंधक को अलंकृत किया जाएगा।

## नवीन गर्ल्स कालेज में रंगारंग वार्षिक उत्सव







हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शासकीय माता शबरी नवीन कन्या महाविद्यालय में वार्षिक उत्सव अंतर्गत विविध प्रतियोगिताएँ संपन्न हुई। वार्षिक उत्सव के अंतर्गत विभिन्न सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं कौशल आधारित प्रतियोगिताओं का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में छात्राओं ने अत्यंत उत्साह, उमंग एवं आत्मविश्वास के साथ सहभागिता की, जिससे महाविद्यालय परिसर में उल्लासपूर्ण एवं प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण बना रहा। सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता में उमा एंड ग्रुप ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। ग्रुप सांग प्रतियोगिता में खुशी एंड ग्रुप प्रथम, मुस्कान एंड ग्रुप द्वितीय तथा सेजल एंड ग्रुप तृतीय स्थान पर रहे। पूजा थाली प्रतियोगिता में पायल कश्यप प्रथम, प्रियंका साहू द्वितीय एवं खुशी सिंह तृतीय स्थान पर रहीं। एकल गान प्रतियोगिता में खुशी भट्ट प्रथम, प्रियांशी केशरवानी द्वितीय एवं नेहा सूर्यवंशी तृतीय स्थान पर रहीं। पाककला प्रतियोगिता में उमा श्री प्रथम, रक्षा गुप्ता द्वितीय एवं प्रिया राज तृतीय स्थान पर रहीं। केश सज्जा प्रतियोगिता में ममता दुरी प्रथम, चांद द्वितीय एवं कल्याणी तृतीय स्थान पर रहीं। रंगोली प्रतियोगिता में निक्की पटवा प्रथम, मोमिता दास द्वितीय एवं संगीता भट्ट तृतीय स्थान पर रहीं। प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन में टीम मैनेजर के रूप में पुष्पेंद्र देवांगन, श्री भरत पानिकपुरी, अमृता चिमनानी, श्री एकांबर साओ, श्री उमेश पटेल, चित्रलेखा वैष्णव, श्रीमती निलेश्वरी धीरज एवं कुमारी भारती साहू ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकगणों ने पूर्ण पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ निर्णायक की भूमिका निभाई।

इस अवसर पर डॉ आरती सिंह, डॉ. अर्चना शुक्ला, डॉ. ईशा बेला, डॉ. सुरेखा देवांगन, डॉ. बेला महंत, डॉ. वंदना, डॉ. दीपिका, डॉ दीपक शुक्ला, डॉ. ललिता, डॉ. एसके पटेल, डॉ. आरके पटेल, डॉ. आनंद एवं डॉ. अनुपा का विशेष सहयोग रहा।



## रामनवमीं पर 1008 रामभक्त पहुंचेंगे अयोध्या, 1 से पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या से बिलासपुर का आध्यात्मिक रिश्ता एक बार फिर जीवंत होने जा रहा है। रामनवमीं के पावन अवसर पर 25 मार्च को 1008 रामभक्तों का भव्य जत्था अयोध्या धाम के लिए रवाना होगा। रामभक्त एवं समाजसेवी प्रवीण झा के संयोजन में आयोजित इस निःशुल्क यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह है।

ईदगाह चौक स्थित प्रेस क्लब में सोमवार दोपहर एक बजे आयोजित प्रेस वार्ता में समाजसेवी एवं यात्रा संयोजक प्रवीण झा ने बताया कि यह यात्रा लगातार तीसरे वर्ष आयोजित की जा रही है और अब तक 2016 श्रद्धालु प्रभु श्रीराम के दर्शन कर चुके हैं। इस वर्ष भी 1008 भक्तों का जत्था अयोध्या के लिए रवाना होगा। उन्होंने बताया कि यात्रा पूर्णतः निशुल्क रहेगी, लेकिन पंजीयन अनिवार्य होगा। पंजीयन 1 मार्च से प्रतिदिन सुबह 8 बजे से 10:30 बजे तक किया जाएगा। यात्रा में शामिल होने के लिए श्रद्धालुओं की आयु 18 से 65 वर्ष के बीच होना आवश्यक है। स्वस्थ होना अनिवार्य शर्त रहेगी। एक परिवार से केवल दो लोगों को अनुमति दी जाएगी। दर्शनार्थियों को पंजीयन के समय दो पासपोर्ट साइज फोटो और आधार कार्ड की छायाप्रति जमा करनी होगी। पिछले वर्ष वेटिंग सूची में रहे श्रद्धालुओं को भी इस बार प्राथमिकता मिलेगी। 25 मार्च को सुबह 11 बजे पुलिस ग्राउंड से यात्रा का शुभारंभ होगा। इस अवसर पर यात्रा संयोजक प्रवीण झा, प्रफुल शर्मा, रामप्रताप सिंह, रौशन सिंह, रिंकू मित्रा, राजीव अग्रवाल मौजूद रहे।

स्पोर्ट्स न्यूज

## अनुराग की शतकीय पारी से बिलासपुर ब्लू ने जीता पहला मैच

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर





मेंस सीनियर एलीट ग्रुप इंटर डिसट्रिक्ट क्रिकेट प्रतियोगिता में पहला मैच खेलते हुए बिलासपुर ब्लू टीम ने खिलाड़ी अनुराग मिश्रा की शानदार शतकीय पारी के बदौलत पहला मैच जीत कर अगले राउंड में प्रवेश कर लिया है।

छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के तत्वावधान में मेंस सीनियर एलीट ग्रुप क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में बिलासपुर ब्लू की टीम अपना पहला मैच सरगुजा के साथ रायपुर के आरडीसीए मैदान में खेलने के लिए उतरी थी। टॉस जीतकर सरगुजा टीम के कप्तान आशुतोष सिंह ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी सरगुजा की पूरी टीम 29.5 ओवर में 93 रन बनाकर आउट हो गई। टीम की ओर से बल्लेबाजी करते हुए आयुष सिंह ने 21 रन, रोहित यादव ने 18 रन बनाया। बिलासपुर ब्लू की ओर से गेंदबाजी करते हुए स्नेहल चड्डा ने 4 विकेट, अंकित कुमार, धनंजय नायक, आर्यन जायसवाल ने दो-दो विकेट प्राप्त किया। बल्लेबाजी करने उतरी बिलासपुर ब्लू के खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। पहली पारी खेलते हुए पूरी टीम 60.1 ओवर में 310 रन बनाकर आउट हो गई। इसी तरह बिलासपुर ब्लू की टीम ने पहली पारी में सरगुजा की टीम पर 217 रनों की बढ़त बना ली। बिलासपुर ब्लू की ओर से शानदार बल्लेबाजी करते हुए अनुराग मिश्रा ने 111 रन, पवन परनाते ने 87 रन बनाया। सरगुजा की टीम के गेंदबाज आराध्या गुप्ता ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 6 विकेट, अविनाश कुमार ने दो विकेट लिया। दूसरी पारी की शुरुआत करने उतरी सरगुजा की पूरी टीम 70.3 ओवर में 226 रन बनाकर आउट हो गई। टीम की ओर से बल्लेबाजी करते हुए कृष चोपड़ा ने 58 रन, हर्ष दुबे ने 57 रन, कप्तान आशुतोष सिंह ने 51 रन बनाया। बिलासपुर ब्लू की ओर से गेंदबाजी करते हुए धनंजय नायक, रवि रौशन सिंह ने तीन-तीन विकेट, अंकित कुमार ने दो विकेट लिया। सरगुजा की टीम से बिलासपुर ब्लू की टीम को जीत के लिए 10 रन का लक्ष्य मिला, जिसे बिलासपुर ब्लू की टीम ने 1.3 ओवर में बिना विकेट खोए प्राप्त कर लिया। टीम की ओर से नयन चवन ने नाबाद 9 रन और पवन परनाते ने एक रन बनाया। इस तरह बिलासपुर ब्लू की टीम ने पहला मैच सरगुजा टीम से 10 विकेट से जीतकर 7 अंक प्राप्त कर लिया है। मैच के निर्णायक नितीन कटवार और आशुतोष जाधव, स्कोरर महेन्द्र सिंह और आब्जरवर शेख अनवर थे। बिलासपुर की टीम अपना दूसरा मैच कांकेर के मैदान में भिलाई के साथ 26 फरवरी को खेलने उतरेगी।

## हॉकी में छत्तीसगढ़ की टीम अगले दौर में



ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज हॉकी में छत्तीसगढ़ की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए राजस्थान और मध्य प्रदेश को हराकर अगले दौर में प्रवेश किया है। नई दिल्ली में 17 से 28 फरवरी तक ऑल इंडिया सिविल सर्विसेंज हॉकी पुरुष-महिला प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों के सचिवालयो एवं रीजनल स्पोर्ट्स बोर्ड की टीमे भाग ले रही है। इसमें सभी राज्यों के शासकीय अधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए हैं।

कोच कश्मीर खलखो जी ने बताया कि छत्तीसगढ़ की पुरुष हॉकी टीम ने अपने पहले मैच में राजस्थान को 7-1 से हराया। टीम की ओर से खोगेश्वर बाग, तौफीक अहमद, सुखदेव निर्मलकर, विशाल, सुरेश लकड़ा, आशुतोष कुजूर ने शनदार गोल किया। वहीं टीम ने दूसरे मैच मे मध्य प्रदेश को एक तरफा मुकाबले में 9-0 से पराजित किया। मैच के पहले मिनट में जर्सी नंबर 59 विशाल ने शानदार मैदानी गोल, तीसरे मिनट में जर्सी नंबर 40 सुखदेव निर्मलकर ने, छठवें मिनट में जर्सी नंबर 45 नवनीत तिर्की ने, दसवें मिनट में जर्सी नंबर 40 सुखदेव निर्मलकर ने, 14वें मिनट में टीम के कप्तान अभय एक्का पेनल्टी कॉर्नर में, 20वें मिनट में जर्सी नंबर 45 नवनीत तिर्की ने फील्ड गोल, 23 मिनट में टीम को मिले पेनाल्टी कार्नर को जर्सी नंबर 45 नवनीत ने, 44 मिनट में जर्सी नंबर 44 सुखदेव निर्मलकर लाजवाब मैदानी गोलकर टीम को 8-0 के निर्णायक बढ़त दिलाई। मैच के 59वें मिनट में जर्सी नंबर 45 खोगेश्वर बाग ने टीम के लिए 9 वां गोल किया।

इस प्रकार छत्तीसगढ़ ने यह मैच 9-0 से जीत लिया। टीम अपना अगला मुकाबला मंगलवार को झारखंड से खेलेगी। मैच में विमल लकड़ा, धनीराम यादव, प्रवीण बेक, शैलेंद्र विजय ने शानदार प्रदर्शन किया। टीम के कोच कश्मीर खलखो एवं मैनेजर अनिल तिग्गा ने टीम के बेहतरीन प्रदर्शन को देखते हुए सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीद जताई है।

## खबर संक्षेप

### रामदत्त बने भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य



**बेलतरा।** भारतीय जनता पार्टी संगठन में सक्रिय भूमिका निभा रहे वरिष्ठ कार्यकर्ता रामदत्त गौरहा को प्रदेश स्तर पर महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। विगत तीन वर्षों से भाजपा के सदस्य के रूप में कार्य कर रहे और पूर्व में तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ बिल्हा के 23 वर्षों तक अध्यक्ष रह चुके पदाधिकारी को प्रदेश भाजपा शिक्षा प्रकोष्ठ की अनुशंसा पर रामदत्त गौरहा को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया है। जानकारी के अनुसार, यह नियुक्ति भाजपा शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश समन्वयक कांतिलाल तथा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव की अनुशंसा पर की गई है। संगठन ने उनके लंबे प्रशासनिक अनुभव और कर्मचारी हितों के लिए किए गए कार्यों को देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी है।

### ब्लाक कांग्रेस अजा अध्यक्ष पद पर बंजारे की नियुक्ति



**मल्हार।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा संगठन सृजनीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण नियुक्ति की गई है। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज की सहमति एवं अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार अंचल की अनुशंसा पर ज्वाला प्रसाद बंजारे को ब्लॉक मस्तूरी अजा का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उन्हें पदभार देते हुए संगठन को मजबूत करने एवं पार्टी की विचारधारा को जमीनी स्तर तक पहुंचाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। युवा कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष देवेंद्र कृष्णन ने कहा कि उनके नेतृत्व में मस्तूरी ब्लॉक में संगठन को नई ऊर्जा एवं दिशा मिलेगी।

### विधानसभा के उपसचेतक बने विधायक लहरिया



**मस्तूरी।** विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिलीप लहरिया को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा छत्तीसगढ़ विधानसभा का उपसचेतक नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति के साथ ही मस्तूरी क्षेत्र का राजनीतिक कद और प्रभाव प्रदेश स्तर पर और मजबूत हो गया है। इस अवसर पर विधायक दिलीप लहरिया ने कहा कि यह जिम्मेदारी उनके लिए गौरव और सम्मान का विषय है। उन्होंने कहा पार्टी नेतृत्व ने मुझ पर जो विश्वास जताया है, उस पर पूरी निष्ठा और ईमानदारी से खरा उतरूंगा। विधानसभा में मस्तूरी क्षेत्र की जनता की आवाज को मजबूती से उठाऊंगा और क्षेत्र के विकास, जनहित के मुद्दों तथा छत्तीसगढ़ की प्रगति के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य करूंगा।

### लक्की व जिज्ञांश ने बढ़ाया सीपत का मान



**सीपत।** नगर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान बाल भारती पब्लिक स्कूल के कक्षा नौवीं के छात्र लक्की कुमार यादव का चयन 46वीं उपकनिष्ठ राष्ट्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए हुआ है, वहीं छात्र जिज्ञांश साहू ने भी प्रशिक्षण शिविर में अपने शानदार प्रदर्शन से विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। यह उल्लेखनीय उपलब्धि रायपुर के सप्रे मैदान में आयोजित विशेष प्रशिक्षण शिविर में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर हासिल हुई। इस शिविर के लिए विद्यालय से लक्की कुमार यादव और जिज्ञांश साहू का चयन हुआ था, जहां दोनों खिलाड़ियों ने अपनी खेल प्रतिभा, अनुशासन और तकनीकी कौशल का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। अब लक्की कुमार यादव आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

### भाजयुमो ने किया शासकीय योजनाओं के हितग्राहियों का सम्मान

**मल्हार।** नगर के वार्ड 5 स्थित राधाकृष्ण मंदिर परिसर में भाजपा मंडल युवा मोर्चा द्वारा विभिन्न शासकीय योजनाओं के हितग्राहियों का सम्मान प्रशस्ति पत्र देकर किया गया। जिसमें महतारी वंदन योजना के महिला हितग्राही, आवास योजना, प्रधानमंत्री सम्माननिधि योजना के लाभार्थी शामिल हुए। युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष कमलेश सिंह ने कहा कि सरकार की योजनाओं का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का प्रकाश पहुंचना है जिसके लिए युवा मोर्चा का एक एक कार्यकर्ता लोगों के बीच जाकर वास्तविक लाभार्थियो की पहचान कर लाभ दिलाने प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर भाजयुमो अध्यक्ष कमलेश गोलू सिंह, महामंत्री रितेश साहू, हेमन्त साहू, अजित पटेल, कैलाश साहू, रामप्यारे नेताम, संजय यादव, पूरण सिंह, लोकनाथ बंजारे, परमेश्वर साहू, प्रेमलाल जायसवाल, गीता मनराखन कैवर्त, रमेश यादव, रामफल कांत, प्रमोद थवाईत सहित बड़ी संख्या में हितग्राही व आम नागरिक उपस्थित थे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं को दिया गया प्रभावी जनसंपर्क कौशल का प्रशिक्षण

# केंद्र सरकार अंतिम पंक्ति पर खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने प्रतिबद्धः तोखन




**मुंगेली।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा अटल परिसर जिला भाजपा कार्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के अंतर्गत जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जिले के कार्यकर्ताओं को नवीनतम संगठनात्मक रणनीतियों, सोशल मीडिया प्रबंधन एवं प्रभावी जनसंपर्क कौशल का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी ने स्वागत भाषण देते हुए प्रशिक्षण के उद्देश्य एवं उसकी आवश्यकता पर प्रकाश डाला। प्रथम सत्र के मुख्य वक्ता केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू रहे। उन्होंने प्रशिक्षण के महत्व, कार्यकर्ता निर्माण तथा केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार अंत्योदय की भावना से कार्य करते हुए समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संचालित योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, आयुष्मान भारत योजना एवं प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना का उल्लेख किया। उन्होंने "वसुधैव कुटुम्बकम" के सिद्धांत को रेखांकित करते हुए कहा कि भारत ने कोविड काल में अनेक देशों को वैक्सीन उपलब्ध कराकर वैश्विक परिवार की भावना को साकार किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र बनेगा और इसमें प्रत्येक कार्यकर्ता की सक्रिय भूमिका आवश्यक है। द्वितीय सत्र के मुख्य वक्ता जगन्नाथ पाणिग्रही प्रदेश उपाध्यक्ष ने प्रशिक्षण की रूपरेखा, समय-सारणी, अनुशासन, कार्यपद्धति एवं पंजीयन से समापन तक की संपूर्ण प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि निर्धारित प्रोटोकॉल का विधिवत पालन ही प्रशिक्षण की सफलता सुनिश्चित करता है। तृतीय सत्र में विभाग प्रचारक बिलासपुर गणेश साहू ने 'पंच प्रबोधन' विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण एवं स्वदेशी के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने परिवार में संवाद बढ़ाने, भेदभाव समाप्त करने, पर्यावरण संरक्षण हेतु अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने तथा स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग को बढ़ावा देने का आह्वान किया। चतुर्थ सत्र में सचिन गुप्ता ने एआई एवं सोशल मीडिया के प्रभावी और सकारात्मक उपयोग पर मार्गदर्शन दिया। अंतिम सत्र में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गिरीश शुक्ला ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन एवं उनके "एकात्म मानववाद" सिद्धांत पर प्रकाश डाला और कहा कि अंत्योदय की भावना ही संगठन की आत्मा है। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री गुरमीत सलूजा ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन जिला उपाध्यक्ष हरिशंकर वर्मा ने किया।

## सामाजिक उत्थान का एक मात्र साधन है शिक्षा



**पथरिया।** नगर में धोबी समाज द्वारा सोमवार को संत गाडगे की 150वीं जयंती मनाई गई। इस मौके पर आयोजित विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने संत गाडगे के जीवन, उनके समाज सुधार कार्यों और उनके सिद्धांतों पर प्रकाश डाला। उपस्थित जनों ने संत के बताए मार्ग पर चलने तथा उनके आदर्शों को समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

मुंगेली जिला उपाध्यक्ष तीजउराम निर्मलकर ने संत गाडगे को प्रेरणा का प्रतीक बताते हुए समाज को सत्य, सेवा और स्वच्छता के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संत गाडगे ने कहा था कि शिक्षा सामाजिक उत्थान का एक मात्र साधन है इसलिए भूखे रहें लेकिन अपने संतानों को शिक्षा उपलब्ध कराए आज उनके विचार सबसे ज्यादा प्रासंगिक है । उन्होंने आदर्श विवाह को अपनाकर फिजूलखर्ची से बचने तथा समाज को व्यसनमुक्त बनाने की अपील की। सरक्षक मंतराम रजक ने कहा कि संत गाडगे बाबा सम्यक वाणी और सरल जीवन के प्रतीक थे। उन्होंने समाज के मनोवैज्ञानिक, सामाजिक और आर्थिक उत्थान के लिए शिक्षा के प्रचार-प्रसार, धर्मशालाओं के निर्माण और सम्यक ज्ञान के प्रसार को जनआंदोलन का रूप दिया। कार्यक्रम में संरक्षक भूखउराम रजक, मंतराम, जिला उपाध्यक्ष तीजउराम निर्मलकर, अध्यक्ष परदेशी रजक, उपाध्यक्ष महावीर रजक, सचिव तिजउराम, सहसचिव अश्वनी, सोनू रजक, होरिलाल निर्मलकर, आजूराम रजक, बल्लु, मेलूराम, शंकर निर्मलकर, चतुर रजक, बलराम रजक, जनकु, पुनीत, रामशरण, देवप्रसाद, सनत, चैतूराम, दिलीप, राजेंद्र सहित धोबी समाज के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

### किराना व पान दुकानों पर चालानी कार्रवाई



**भरींडांड।** कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ रामेश्वर शर्मा, सहायक औषधि नियंत्रक भीष्म देव सिंह, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री विभा टोप्पो के मार्गदर्शन में कोटपा अधिनियम 2003 के तहत तंबाकू बेचने वाली दुकानों की जांच की गई। स्वास्थ्य विभाग, खाद्य एवं औषधि प्रशासन एवं मरवाही पुलिस थाना द्वारा संयुक्त कार्यवाही में मरवाही में कुल 10 पान एवं किराना दुकानों में 1400 रुपए की चालानी कार्रवाई की गई। 10 ऐसी दुकानें जो तंबाकू उत्पाद बेच रहे हैं, उन्हें धूम्रपान निषेध क्षेत्र एवं 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को तंबाकू उत्पाद नहीं बेचा जाता है,ऐसा लिखित में बोर्ड लगाने हेतु निर्देशित दिया गया। धारा 4 के तहत सार्वजनिक स्थान में धूम्रपान वर्जित हैं। धारा 6 के तहत स्कूल के 100 गज के अंदर तंबाकू युक्त पदार्थ बेचना निषेध है।

### फायर वाचर्स के प्रयासों से वन संपदा सुरक्षित



**लोरमी।** वनमण्डल अंतर्गत खुड़िया वनपरिक्षेत्तर अंतर्गत में वनों को आग से सुरक्षित रखने हेतु विशेष जनजागरूकता एवं प्रोत्साहन संदेश कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने आदिवासी अंचल के ग्रामवासियों, वन सुरक्षा समितियों एवं स्थानीय समुदायों को वन अग्नि रोकथाम में सक्रिय सहभागिता हेतु प्रेरित कर वन अग्नि नियंत्रण में दिन-रात कार्यरत फायर वाचर्स को पानी की बोतल एवं टॉर्च वितरित किये। उन्होंने फायर वाचर्स के समर्पण, साहस एवं कर्तव्यनिष्ठा की सराहना करते हुए कहा कि उनके अथक प्रयासों से वन संपदा सुरक्षित बनी हुई है।उन्होंने कहा कि वन संरक्षण केवल शासन का दायित्व नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है। इस अवसर पर वन्याधिकारी कर्मचारी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

### फाइलेरिया उन्मूलन में जुटे स्वास्थ्यकर्मी



**मुंगेली।** जिले में राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 10 फरवरी से व्यापक अभियान चलाकर 8 लाख 10 हजार 834 नागरिकों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाई गई है। इस अभियान के तहत जिले में 95.2 प्रतिशत नागरिकों को फाइलेरिया रोधी दवा खिला दी गई है। इनमें बूथ लगाकर 3 लाख 72 हजार 1 नागरिको को एवं घर-घर भ्रमण कर 4 लाख 38 हजार 833 नागरिकों को दवा का सेवन कराया गया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित इस विशेष अभियान का उद्देश्य जिले को फाइलेरिया मुक्त बनाना है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शीला साहा ने बताया कि अभियान के दौरान स्वास्थ्य कर्मी, मितानिन घर-घर जाकर, उम्र और ऊंचाई के अनुसार लोगों को फाइलेरिया की दवाई का सेवन कराया जा रहा है। दवा सेवन के दौरान नागरिकों को फाइलेरिया रोग के कारण, लक्षण एवं बचाव के बारे में भी जागरूक किया जा रहा है।

### सर्व क्षत्रिय राजपूत महासंघ के गठन की घोषणा



**लोरमी।** सर्व क्षत्रिय राजपूत महासंघ छत्तीसगढ़ के द्वारा महासंघ के गठन की घोषणा एवं कार्यकारिणी का स्नेह मिलन ठाकुर विघ्नहरण सिंह भवन सरोना रायपुर में आयोजित किया गया। महासंघ के कोषाध्यक्ष गजेंद्र सिंह ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता महासंघ के अध्यक्ष जेके सिंह द्वारा किया। कार्यक्रम में महासंघ के विभिन्न घटक दलों में 16 खाप संगठन से लगभग 135 लोग उपस्थित रहे। जिसमें नारी शक्तियों की भी भारी संख्या में सहभागिता रही। महासंघ में सम्मिलित सभी 19 घटक दलों के संपूर्ण सदस्य महासंघ के सभी सदस्य होंगे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से दिनेश सिंह, प्रेम सिंह, डॉ केदार सिंह, बृजेश सिंह, दिनेश राणा, होरी सिंह, गोविंद सिंह, राम सिंह, देवेश सिंह, कपिल सिंह वल्लभ सिंह, जगरूप सिंह, महेंद्र सिंह आदि मौजूद थे।

# घायल गोवंश के लिए देवदूत बनी सुरभि गौ सेवा समिति

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत

सड़क हादसों में घायल गोवंश के लिए खम्हरिया स्थित गायत्री मंदिर परिसर में संचालित सुरभि गौ सेवा समिति आज संवेदना, सेवा और समर्पण की जीवंत मिसाल बन चुकी है। गुरुवार को कलेक्टर संजय अग्रवाल और जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल जब जेवरा में आयोजित जल रक्षा अभियान में शामिल होने जा रहे थे, तभी समिति के सेवा धाम पहुंचे। समिति के सक्रिय सदस्य एवं शिक्षक सुधांशु दीवान ने बताया कि कोरोना काल की कठिन परिस्थितियों में सात युवाओं ने संकल्प लिया था कि सड़क पर घायल गोवंश को तड़पता नहीं छोड़ेंगे। तब से लेकर आज तक समिति लगातार घायल मवेशियों का पुनर्वास कर रही है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर संजय अग्रवाल ने ऊनी रोड पर प्रस्तावित पांच एकड़ गौठान भूमि का निरीक्षण किया और पंचायत से प्रस्ताव पारित कर आवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने भरोसा दिलाया कि प्रशासन द्वारा शेड निर्माण, पेयजल व्यवस्था और फेंसिंग जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि गायों की सेवा केवल दूध देने तक सीमित नहीं होनी चाहिए। दूध बंद होने पर उन्हें सड़कों पर छोड़ देना अमानवीय है। जो व्यक्ति गायों से प्रेम करता है, वह इंसानियत की सच्ची सेवा करता है। युवाओं की सेवा भावना से प्रभावित होकर कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ ने स्वयं 2-2 हजार रुपये का सहयोग भी प्रदान किया।



### एक महिला की संवेदना से शुरू हुआ कारवां

समिति की शुरुआत ग्राम खम्हरिया में अध्यक्ष फत्तेलाल राजवाड़े की पत्नी शशि किरण राजवाड़े ने अकेले की थी। एक महिला की करुणा से शुरू हुई यह पहल आज युवाओं के सहयोग से एक सशक्त सामाजिक अभियान बन चुकी है। समिति के सदस्य मनीष सोनी, सुशील सोनी, तरुण साहू, अमित अग्रवाल, सुधांशु दीवान, हिमांशु शर्मा और जनपद सदस्य देवेश शर्मा निस्वार्थ भाव से सेवा में जुटे हैं। इन युवाओं ने साबित कर दिया है कि बदलाव के लिए संसाधन नहीं, बल्कि संवेदनशील दिल की आवश्यकता होती है।

### वनमंडल में ट्रेकिंग कार्यक्रम 28 को

**लोरमी।** वन परिक्षेत्र खुड़िया अंतर्गत ट्रेकिंग कार्यक्रम का आयोजन 28 फरवरी को किया जा रहा है। प्रकृति के करीब, स्वास्थ्य के लिए ट्रेक थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को प्रकृति से जोड़ना, स्वस्थ जीवनशैली के प्रति प्रेरित करना तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। कार्यक्रम के तहत ट्रेकिंग का प्रारंभ ढुल्लापुर से होगा और समापन खुडिया रानी मंदिर में किया जाएगा। लगभग 4 किलोमीटर की यह ट्रेकिंग प्रातः 07 बजे से शुरू होगी।

**समक्ष श्रीमान नोटरी सिविल**
**जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं जयंत वस्त्रकार उम्र 35 वर्ष पिता स्व. बिसाहू राम वस्त्रकार, निवासी-1646, नहर रोड, सिटी पार्क के पास, गायत्री परिसर मोपका, तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. का हूँ जो कि निम्न कथन शपथपूर्वक करता हूँ-

1/ यह कि पूर्व में मेरा नाम जयंत कुमार वस्त्रकार पिता स्व.बिसाहू राम वस्त्रकार था जो मेरे कक्षा 10वीं एवं 12वीं की अंक सूची में दर्ज है।

2/ यह कि मेरे आधार कार्ड क्रमांक 2715 8352 3362 एवं पैन कार्ड क्र. बीआईजेडपीव्ही 7319 एच में मेरा नाम जयंत वस्त्रकार पिता बिसाहूराम वस्त्रकार दर्ज है।

3/ यह कि जयंत वस्त्रकार एवं जयंत कुमार वस्त्रकार पिता बिसाहू राम वस्त्रकार एक ही व्यक्ति का नाम है जो कि मेरा नाम है।

4/ यह कि अब मुझे जयंत वस्त्रकार पिता स्व. बिसाहू राम वस्त्रकार के नाम से जाना पहचाना एवं लिखा पढ़ा जाये। जिस हेतु यह शपथ पत्र निष्पादित कर रहा हूँ।

**शपथकर्ता**
**जयंत वस्त्रकार**

मैं जयंत वस्त्रकार, शपथपूर्व सत्यापित करता हूं कि शपथपत्र की कंडिका 1 से 4 की बातें सत्य एवं सही है जिसे दिनांक 23.02.2026 को हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

**शपथकर्ता**
**जयंत वस्त्रकार**

**न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर**
**जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

क्रमाक/क/तह./वा./2026
बिलासपुर, दिनांक 19/02/2026

ग्राम जूनाबिलासपुर के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है ग्राम जूना बिलासपुर प.ह.न. 36 तहसील-बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 678/23 रकबा 0.016 हे. भूमि का छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 115 के तहत अभिलेख दुरूस्ती हेतु आवेदिका श्रीमती शशि यादव पति श्री सुरेन्द्र सिंह निवासी ग्राम क्वाटर न. 102/2 बंगला यार्ड रेल्वे कालोनी बिलासपुर तहसील-बिलासपुर जिला-बिलासपुर छत्तीसगढ़ के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनाँक 18/03/2026 को सुबह 11.00 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेगे।

आज दिनाँक 20/02/2026 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

**तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार बिल्हा,**
**जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार//**

क्रमांक/540/क/वा/तह./2026
बिल्हा दिनांक 30.01.2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक विष्णु प्रसाद बंजारे पिता भीखम प्रसाद बंजारे जाति सतनामी निवासी ग्राम डोडकी द्वारा अपने ममेरे भाई भूखन पिता बिसाहू जाति सतनामी का दिनांक 27.5.1977 को ग्राम डोडकी में जन्म होने से जन्म प्रमाण पत्र हेतु आवेदन न्यायालय में पेश किया गया है।

अतः उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 05.03.2026 तक प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि पश्चात् दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 30.01.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**बिल्हा, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अचल संपत्ति (भूमि) के संबंध में विक्रय/हस्तांतरण किया जाना प्रस्तावित हैः

**विक्रेता गण** - 1. श्री मेलउ राम (उम्र 81 वर्ष)2. श्री सोनऊराम (उम्र 79 वर्ष)3. श्रीमति पुनातिन (उम्र 74 वर्ष)4. श्रीमती मोनातिन 5. श्रीमती लीलतीन6. श्रीमती शांति बाई **सभी निवासी** – सेंदरी,तहसील एवं जिला बिलासपुर (छत्तीसगढ़) **क्रेता गण**- 1. श्री जगत प्रताप सिंह क्षत्री, उम्र 36 वर्ष, पिता – श्री गुनेश्वर सिंह क्षत्री, निवासी – A/87, डी.पी. चौबे कॉलोनी, सरकंडा, बिलासपुर (छ.ग.)2. श्री प्रसून गोस्वामी, उम्र 36 वर्ष, पिता – श्री पी. गोस्वामी, निवासी – बंधवापारा, सरकंडा, बिलासपुर (छ.ग.) **संपत्ति विवरण**- ग्राम :- सेंदरी, तहसील बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित भूमि, खसरा नं. 1105/2, 1105/3, 1106/2, 1106/3, 1107/1, 1107/2, 1107/3 (विस्तृत रकबा अनुसार)। उक्त भूमि विक्रेतागण द्वारा क्रेतागण के पक्ष में विक्रय की जा रही है। अतः यदि किसी व्यक्ति/संस्था को उपरोक्त संपत्ति के संबंध में किसी प्रकार का अधिकार, दावा, आपत्ति, बंधक, ऋणभार या अन्य कोई दावा हो तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 (पंद्रह) दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षरी/क्रेता से लिखित रूप में प्रमाण सहित संपर्क करें। निर्धारित अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर यह माना जाएगा कि किसी को कोई आपत्ति/दावा नहीं है तथा विक्रय प्रक्रिया पूर्ण कर दी जाएगी।

दिनांकः ___ स्थानः बिलासपुर (छत्तीसगढ़)
**जगत प्रताप सिंह एवं प्रसून गोस्वामी**
संपर्क नंबरः - 9713178847,8982222064

**(अनुविभागीय दंडाधिकारी बिलासपुर, छत्तीसगढ़ के समक्ष)**
**शपथ पत्र/हलफ़नामा**

मैं, ज्योत्सना मायाविनी बक्श, पति स्वर्गीय श्री एन. के. बक्श की पत्नी, निवासी ओम नगर, जरहाभाठा, बिलासपुर, छत्तीसगढ़, सत्य निष्ठा से यह शपथपूर्वक कथन करती हूँ कि-
1. मेरा नाम श्रीमती जे. एम. बक्श (Smt. J. M. Baksh) मेरे आधार कार्ड संख्या 3054 2497 3178 में अंकित है। 2. मेरा पूर्ण एवं सही नाम ज्योत्सना मायाविनी बक्श (Jyotsna Mayawini Baksh) है, जो मेरे पैन कार्ड संख्या AFGPB3378F तथा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (SBI) बैंक खाते में अंकित है। 3. मैं यह स्पष्ट रूप से घोषणा करती हूँ कि उपरोक्त दोनों नाम एक ही व्यक्ति, अर्थात मेरे ही नाम हैं। 4. यह शपथ पत्र केवल नाम के इनिशियल (J.M.) को पूर्ण नाम में विस्तारित (Expansion) करने के उद्देश्य से दिया जा रहा है। इसमें किसी प्रकार का नाम परिवर्तन, उपनाम परिवर्तन या पहचान परिवर्तन नहीं किया जा रहा है। 5. मेरे नाम, उपनाम, पति के नाम अथवा पहचान में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। केवल सभी सरकारी एवं बैंकिंग अभिलेखों में नाम की एकरूपता बनाए रखने हेतु यह कार्य किया जा रहा है। 6. यह शपथ पत्र राजपत्र (गजट) प्रकाशन तथा आधार कार्ड, बैंक एवं अन्य सरकारी दस्तावेजों में नाम सुधार के उद्देश्य से प्रस्तुत किया जा रहा है। 7. उपर्युक्त सभी कथन मेरे ज्ञान एवं विश्वास के अनुसार पूर्णतः सत्य एवं सही हैं तथा इनमें कोई तथ्य छिपाया नहीं गया है।

शपथकर्ता–ज्योत्सना मायाविनी बक्श

**सत्यापन**

मैं, उपर्युक्त शपथकर्ता, यह सत्यापित करती हूँ कि उपर्युक्त शपथ पत्र के अनुच्छेद 1 से 7 तक की समस्त जानकारी मेरे ज्ञान एवं विश्वास के अनुसार सत्य एवं सही है।
सत्यापित स्थान बिलासपुर,
दिनांक 10 फरवरी 2026 को।
शपथकर्ता–ज्योत्सना मायाविनी बक्श

**आम सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे आसामी श्री उमेश कुमार कौशिक उम्र 39 वर्ष पिता श्री शिव कुमार कौशिक साकिन-पुराना सरकण्डा, लोधीपारा तह. व जिला बिलासपुर (छ.ग.) से अधिग्रहित एवं निर्देशित होकर निम्न आशय की सूचना आम सूचना प्रेषित कर रहा हूं, की मौजा मंगला प.ह.नं 35 खसरा नंबर- 727 रकबा 0.0284 हेक्टे. जो राजस्व अभिलेख में लक्ष्मीनारायण पटेल पिता अर्जुनलाल पटेल निवासी-हाथी टिकरा जिला जांजगीर-चांपा छ.ग. के नाम पर दर्ज है, जिसका पक्का सौदा मेरे आसामी उमेश कुमार कौशिक से हो गया है, भविष्य में जल्द ही रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित होना है। जिस किसी संस्था, बैंक, निकाय व अन्य किसी आम जन को भी आपत्ति हो तो 7 दिवस के भीतर मुझसे संपर्क कर मेरे कार्यालय में समस्त दस्तावेज लेकर उपस्थित हो। 7 दिवस के बाद कोई भी आपत्ति अमान्य एवं शून्य मानी जावेगी।

सो सूचना जानें
दिनांक: 23/02/2026
**भवदीय**
**बद्रीनाथ शर्मा (अधिवक्ता)**
**मो. 9685134660**

**आम सूचना/नोटिस**

मै अपने पक्षकार अर्चना सिंह पिता स्व. बी.एस. मिंज निवासी नर्मदा नगर बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. वाले से अधिकृत व नियुक्त होकर उसके कहे व बताये अनुसार निम्न आशय का सूचना/नोटिस का प्रकाशन कराता हूँ संबंधित पक्षकार रामेश्वर यादव, अर्जुन बिंझवार, परदेशी एवं ईश्वरी अवगत होवें कि मेरे मुवक्किला अर्चना सिंह के द्वारा विधिवत तरीके से उसके नाम पर ग्राम बहतराई प.ह.नं.-40, रा.नि.मं. पेण्डारी तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. मे स्थित भूमि खसरा नंबर 775/9, 775/16/ग रकबा क्रमशः 0.405 एवं 0.1380 हे. भूमि जिसकी चौहद्दी उत्तर मे रामेश्वर यादव की भूमि, दक्षिण मे अर्जुन बिंझवार की भूमि, पूर्व मे शासकीय कच्ची सड़क पश्चिम में परदेशी एवं ईश्वरी कौशिक की भूमि है उक्त भूमि के सीमांकन हेतु विधिवत तरीके से आवेदन दिया गया है तथा तहसीलदार के आदेशानुसार राजस्व निरीक्षक एवं राजस्व कर्मचारी के द्वारा उक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 25/02/2026 को किया जाना है यदि किसी भी व्यक्ति को उक्त सीमांकन मे किसी प्रकार की आपत्ति है तो मय दस्तावेज लिखित आपत्ति मौके मे उपस्थित होकर पेश करें अन्यथा सीमांकन उपरांत बाद मे की गई आपत्ति पर विचार न होगा तथा बाद मे की गई आपत्ति अवैध, विधि विपरीत अविधि मान्य एवं अमान्य होगा।
सो सूचना जानें।
दिनांक- 23/02/2026
**भवदीय**
**प्रकाश पटेल, अधिवक्ता**
**जिला न्यायालय परिसर बिलासपुर**
**मो.नं.-7999956607**

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं जी. राजेश कुमार पिता स्व. एस. गणेशन निवासी प्लाट नं 161, पटवारी ऑफिस के सामने, विवेकानंद नगर सीपत मार्ग मोपका बिलासपुर का निवासी हूँ।

मेरे पुत्र का नाम शिव गणेश पिता जी राजेश कुमार है तथा पूर्व में मेरे पुत्र का नाम आर. शिवगणेश पिता जी. राजेश दर्ज था। जिसे सुधार कर शिव गणेश पिता जी. राजेश कुमार कर दिया गया है।

अतः अब से मेरे पुत्र को शिव गणेश पिता जी. राजेश कुमार के नाम से जाना-पहचाना जाये।

अतः सूचना जाने।

**श्री राजेश कुमार**
**पिता: स्व. एस. गणेशन**
**(प्लाट नं. 161, पटवारी ऑफिस के सामने विवेकानंद मगर,**
**सीपत मार्ग,**
**मोपका, बिलासपुर (छ.ग.)**
**मो: 97526-53940**

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं मेघा श्रीवास्तव (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) पत्नी आयुष तिवारी गांव/शहर माँ लक्ष्मी अपार्टमेंट चट्टा बाड़ी फ्लैट नं.403 तहसील बिलासपुर जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ ने अपना नाम मेघा श्रीवास्तव (पुराना नाम) से बदल कर मेघा तिवारी (नया नाम) रख लिया है।

**मेघा तिवारी**

**नाम परिवर्तन**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं पुराना नाम, प्रवीण कुमार सोनी पिता/पति श्री नारायण कुमार सोनी अपना पुराना नाम को बदल कर नया नाम प्रवीण सोनी पिता श्री नारायण कुमार सोनी निवासी/पता आस्मा सिटी, जैन इन्टरनेशनल स्कूल के पास, मुंगेली रोड बिलासपुर रख लिया हूँ अतः अब मुझे भविष्य में समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में नया नाम प्रवीण सोनी पिता/पति श्री नारायण कुमार सोनी से जाना एवं पहचाना जाये।

**शपथकर्ता का नाम व पता:**
**प्रवीण सोनी**
**AL-191 फेस-2,**
**आस्मा सिटी होम्स,**
**जैन इंटरनेशनल स्कूल के पास**
**मुंगेली रोड, बिलासपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार भूपेश कौशिक पिता जगदीश कौशिक निवासी गनियारी तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. वाले की ओर से अधिकृत निर्दिष्ट होकर इस आशय की आम सूचना प्रकाशित करता हूँ कि कृपया अवगत हो-

सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि मौजा ग्राम गनियारी प.ह.नं. 50 रा.नि.मं. गनियारी तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. में खातेदार सूरज प्रकाश देवांगन पिता स्व. नीलकण्ठ देवांगन जाति कोष्टा निवासी खपरगंज बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. की भूमि ख.नं. 354/1 रकबा 2.46ए. कम्प्यूटरीकृत राजस्व अभिलेख में अभिलिखित है। उपरोक्त भूमि स्वामी द्वारा मेरे उपर्युक्त पक्षकार के पास विक्रय करने का इकरारनामा दिनांक 07/07/2025 को निष्पादित कर निकट भविष्य में क्रेता या क्रेता के बताये व्यक्ति के नाम पर पंजीयन करने का इकरार कर एडवांश प्राप्त कर लिया है, जिस भूमि को ब्रोकरों के बहकावे में आकर आनन-फानन में चोरी छिपे अधिक कीमत की लालच में विक्रय करने की अवैधानिक प्रयास कर रहा है। मेरे उपर्युक्त पक्षकार के पक्ष में निष्पादित इकरारनामा आज पर्यन्त तक वैध है, किसी भी सक्षम न्यायालय से निरस्तीकरण नही हुआ है, उपरोक्त भूमि के भूमि स्वामी को विक्रय करने का विधिक अधिकार नहीं है, इसलिये आम सूचना से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त भूमि के खातेदारों से कोई क्रय न करें। यदि कोई व्यक्ति क्रय करता है तो उन्हे किसी प्रकार का कोई हक आधिपत्य एवं स्वामित्व प्राप्त नही होगा, तथा अदालती कार्यवाही में होने वाले खर्च का जिम्मेदार स्वयं क्रेता की होगी।

सूचना जाने ।

**भवदीय**
**दिनेश कुमार यादव**
**अधिवक्ता (नोटरी)**
**कार्यालय/निवास-न्यू बस स्टैण्ड, गनियारी,**
**जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**मो. 9977170519**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल अमसेना तहसील सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग)**

**सूचना**

क्रमांक/...../ रा.नि./.....
दिनक 18/02/2026

प्रति
1. श्री निलेश कुमार गुप्ता पि. लक्ष्मी प्रसाद, 2. श्री. डोमरा कौशिक पि. तिलकराम कौशिक, खसरा नं.1038 के टुकड़े से सत्रह सभी व्यक्ति अन्य हितबद्ध पक्षकार

**विषय** - सीमाकन/मौकाजाँच/नक्साबटांकन के समय उपस्थित रहने बाबत ।

**सन्दर्भ** - न्यायालय नायब तहसीलदार सकर्रा ज्ञापन क्र./ना.तह./रीडर/2025 सकर्रा दिनांक 15/01/26

ग्राम छतौना प.ह.न 37 रा.नि.म. अमसेना जिला बिलासपुर (छ.ग) तहसीत सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. आवेदक श्री निलेश कुमार पिता लक्ष्मी प्रसाद के द्वारा ख.नं. 1038/6 रकबा 0.0120 हे. के सीमाकन/मौका जाँच नक्साबटांकन हेतु तहसीलदार/नायब तहसीलदार के न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया था।

उपरोक्त संदर्भित ज्ञापन के परिपालन में सीमाकन/मौका जाँच/नक्साबटाकन की कार्यवाही दिनांक 26/02/2026 और समय 11:00 बजे को किया जायेगा।

अतः आप भूमि सम्बन्धी दस्तावेज सहित नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित हो बाद में आपत्ति स्वीकार नहीं किया जायेगा।

टिप - विशेष परीस्थिति में समय और दिनक परिवर्तनशील होगे

**राजस्व निरीक्षक मंडल**
**अमसेना तहसील सकरी**
**जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### कर्मचारियों व शिक्षकों को राज्य के बजट से है उम्मीद

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा है कि छत्तीसगढ़ बजट 2026 में कर्मचारियों को चिंता मुक्त स्वास्थ्य सुविधा देने कैशलेश चिकित्सा लाभ व शिक्षकों को रमेश चंद्रवंशी डब्ल्यूपीएस 2255/2021 एवं अन्य याचिकाओं में उच्च न्यायालय द्वारा महत्वपूर्ण रूप से प्रतिपादित संविलियन से पूर्व याचिकाकर्ताओं द्वारा दी गई दीर्घकालीन सेवाओं को अप्रासंगिक मानकर नजर अंदाज नहीं किया जा सकता। इसके अतिरिक्त उच्च न्यायालय के सेवा की निरंतरता, किए गए कर्तव्यों की प्रकृति, वेतन का स्रोत, प्रशासनिक नियंत्रण तथा संविधान के अनुच्छेद 14 एवं 16 के अंतर्गत समानता के संवैधानिक सिद्धांतों को अनिवार्य रूप से ध्यान में रखे जाने के आधार पर संविलियन के पूर्व की सेवा को पेंशन के लिए मान्य करने की उम्मीद है। मोदी की गारंटी के तहत क्रमोन्नति/समयमान हेतु निर्धारित 10 वर्ष की सेवा को एक बार शिथिल करते हुए 5 वर्ष करने की उम्मीद शिक्षकों को है।

### सीवी रमन विश्वविद्यालय ने अंशु को दी पीएचडी की उपाधि

**बिलासपुर।** डा. सीवी रमन विश्वविद्यालय ने आसमा सिटी की डा. अंशु प्रवीण सोनी को अंग्रेजी विषय में पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उनका शोध विषय "**Emergence of New Tribal Women: A Study of Mahasweta Devi's Selected Novels**" रहा। यह शोध प्रसिद्ध साहित्यकार महाश्वेता देवी के चयनित उपन्यासों में आदिवासी महिलाओं के उभरते स्वर, संघर्ष एवं सशक्तिकरण पर आधारित है। उन्होंने यह शोध कार्य मार्गदर्शक डॉ. गुरप्रीत कौर के निर्देशन में पूर्ण किया। डॉ. अंशु, श्रीमती मनोरमा तिवारी एवं हंसराज तिवारी की सुपुत्री, नारायण कुमार सोनी की पुत्रवधू तथा प्रवीण सोनी की धर्मपत्नी हैं।



### रमन विवि ने दीपेंद्र को दी पीएचडी की उपाधि

**बिलासपुर।** डॉ.सीवी रमन विश्वविद्यालय कोटा ने दीपेन्द्र राठौर को विद्युत अभियांत्रिकी में शोध करने पर पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। डॉ.राठौर का शोधकार्य "डिजाइन एंड सिमुलेशन ऑफ फॉल्ट टॉलरेंट 3-फेज मल्टीलेवल इन्वर्टर टोपोलॉजीज़ विद रिड्यूस्ड कंपोनेंट्स" विषय पर आधारित है, जो नवीकरणीय ऊर्जा प्रणालियों एवं स्मार्ट ग्रिड अनुप्रयोगों के लिए अत्यंत उपयोगी माना जा रहा है। यह शोधकार्य विश्वविद्यालय के मार्गदर्शक डॉ.शांति राठौर तथा सह-मार्गदर्शक डॉ.राहुल गेडाम के निर्देशन में पूर्ण हुआ। डॉ. राठौर ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, मार्गदर्शकों एवं सहयोगियों को दिया है।



### परीक्षा से चार दिन पहले 9 वीं 11 वीं का टाइम टेबल बदल दिया



**बिलासपुर।** 9वी व 11वी की वार्षिक परीक्षाओं के समय सारणी को पूर्ववत करने की मांग को लेकर एनएसयूईआई ने जिला शिक्षा अधिकारी और कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि पहले कक्षा 9वी व 11वी की वार्षिक परीक्षा 25 मार्च से शुरू होने का टाइम टेबल जारी हो चुका था। मगर अचानक से समय सारणी में बदलाव कर नया टाइम टेबल जारी किया गया जिसमें वार्षिक परीक्षा 27 फरवरी से शुरू होगी। चार दिन पहले समय सारणी जारी कर परीक्षा लेना छात्रों को परेशान करना है। इसमें कहा गया है कि छात्र अभी रिवीजन की तैयारी कर रहे हैं, ऐसे में अचानक परीक्षा लेना उनके परिणामों को प्रभावित करना होगा। इस दौरान एनएसयूआई प्रदेश सचिव रंजेश सिंह ठाकुर, पूर्व प्रदेश सचिव सोहराब खान, बिलासपुर एनएसयूआई जिला उपाध्यक्ष गौरव सिंह परिहार, जिला सचिव शान सिंह ठाकुर, पुष्पराज साहू, अमन यादव एवं आयुष भट्ट उपस्थित थे।

### विश्व चिंतन दिवस पर स्काउट-गाइड ने दिया एकता और भाईचारे का संदेश



**बिलासपुर।** भारत स्काउट एवं गाइड्स जिला संघ द्वारा विश्व चिंतन दिवस के 100 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें राज्य एवं जिला स्तर के पदाधिकारियों सहित जिले भर के स्काउट-गाइड, रोवर्स और रेंजर्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विश्व चिंतन दिवस पर स्काउट, गाइड, रोवर्स एवं रेंजर्स द्वारा तैयार स्लोगन, पोस्टर और बैनरों का प्रदर्शन एवं मूल्यांकन किया गया। प्रतिभागियों ने विश्व शांति, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, सेवा और महिला सशक्तिकरण जैसे विषयों पर रचनात्मक प्रस्तुतियां दीं। उत्कृष्ट प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक एवं शैक्षणिक कार्यक्रमों में सक्रिय सेवा देने वाले स्काउट-गाइड, रोवर्स एवं रेंजर्स को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संयुक्त राज्य सचिव बीना यादव, अध्यक्षता पदेन जिला आयुक्त (गाइड) सुनीता ध्रुव ने की। विशिष्ट अतिथियों में विजय कुमार यादव, भूपेंद्र शर्मा तथा डॉ. भारती दुबे थीं। कार्यक्रम में जिला सचिव सुश्री लता यादव, महेन्द्र बाबू टंडन, डॉ पूनम सिंह, देवब्रत मिश्रा, डॉ.नवनीत कौशिक, शत्रुघन सूर्यवंशी, सूर्यकांत खूंटे, निखिल सिंह, शशांक विश्वकर्मा, पुष्पा शर्मा, लक्ष्मी बृजवासी, रागिनी चौधरी, मिंदु साडे, डॉ.शीला शर्मा, शशिकला साहू, सुश्री निशा साहू, सुश्री कौशल्या साहू आदि मौजूद थे।

### डीपी कालेज के विद्यार्थियों ने किया फाइलेरिया दवा का सेवन

**बिलासपुर।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, डीपी विप्र महाविद्यालय द्वारा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के सहयोग से फाइलेरिया एवं कृमि नाशक दवा वितरण करने स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में एनएसएस के समर्पित स्वयंसेवकों एवं आशीर्वाद पैनल के छात्र-छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता निभाते हुए दवाइयों का सेवन किया तथा फाइलेरिया जागरूकता का संदेश जन-जन तक पहुँचाया।

---

**नए कुलपति की नियुक्ति तक रह सकते हैं पद पर** | 22 फरवरी को वाजपेयी का पांच साल का कार्यकाल समाप्त हो गया

# राजभवन से आदेश नहीं पहुंचा, एयू के कुलपति बने रहेंगे वाजपेयी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



यूनिवर्सिटी के कुलपति आचार्य अरूण दिवाकरनाथ वाजपेयी का पांच साल का कार्यकाल 22 फरवरी को समाप्त हो गया है, लेकिन राजभवन ने कुलपति के प्रभार के संबंध में सोमवार को कोई आदेश नहीं आया है, इसलिए श्री वाजपेयी नए कुलपति की नियुक्ति तक पद पर बने रह सकते हैं।

कुलपति पद को लेकर अटल यूनिवर्सिटी में आज राजभवन के आदेश का इंतजार किया जा रहा था, किन्तु शाम तक किसी तरह का आदेश नहीं निकला। यह संभावना जरूर जताई जा रही थी कि संभाग कमिश्नर को नए कुलपति के आने तक प्रभार सौंपा जा सकता है, लेकिन इस बारे में कोई आदेश नहीं आया है। यूनिवर्सिटी अधिनियम के सेक्शन 40.2 तहत किसी संकाय डीन या वरिष्ठ प्रोफेसर एवं अन्य कुलपति तथा संभाग कमिश्नर को कुलपति पद का अतिरिक्त प्रभार दिया जा सकता है। इसी सेक्शन के तहत अगर वर्तमान कुलपति की आयु 70 वर्ष पूर्ण नहीं हुई हो तो नए कुलपति के आने तक वे पद पर बने रह सकते हैं।



#### जीडी शर्मा के बाद आए थे वाजपेयी

एयू में वर्तमान कुलपति आचार्य अरूण दिवाकरनाथ वाजपेयी का 5 वर्ष का कार्यकाल समाप्त हो गया है। नए कुलपति की तलाश चल रही है। यह यूनिवर्सिटी छत्तीसगढ़ यूनिवर्सिटी संशोधन अधिनियम के तहत राजपत्र में 3 फरवरी 2012 में अधिसूचना प्रकाशित हुई और जून 2012 में यूनिवर्सिटी अस्तित्व में आया था। इसका शुरुआत में बिलासपुर यूनिवर्सिटी नाम था, जिसे संशोधित कर बाद में अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर नामकरण किया गया। इस यूनिवर्सिटी के प्रथम कुलपति प्रो. गौरीदत्त शर्मा थे। कुलपति के रूप में 5 वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के बाद प्रो. शर्मा को यूनिवर्सिटी में दुबारा कुलपति नियुक्त किया गया था, किन्तु कुलपति के रूप में उनका दूसरा कार्यकाल करीब साढ़े तीन साल का ही रहा।

#### आवेदनों की हो चुकी स्क्रूटनी

अटल यूनिवर्सिटी के नए कुलपति बनने के लिए छत्तीसगढ़ सहित उत्तर प्रदेश, बिहार, गुजरात, पंजाब, हरियाणा, जम्मू आदि देश के अन्य राज्यों के प्रोफेसर, शिक्षाविदों द्वारा आवेदन किया गया है। कुलपति पद के लिए राजभवन ने विज्ञापन निकाला था और 29 दिसंबर तक आवेदन मंगाए गए थे। कुलपति के लिए जितने लोगों के आवेदन आए थे, उनकी स्क्रूटनी हो चुकी है।

#### आदेश नहीं आया है

कुलपति के रूप में यूनिवर्सिटी में हमारा कार्यकाल पूरा हो गया है। लेकिन कुलपति प्रभार के संबंध में शाम तक कोई आदेश नहीं आया है। इसलिए यूनिवर्सिटी अधिनियम के सेक्शन तहत 70 वर्ष आयु पूर्ण नहीं हुई है इसलिए नए कुलपति के आने तक पद पर बने रह सकते हैं।

**-आचार्य अरूण दिवाकरनाथ वाजपेयी,** कुलपति, एयू

---

बैठक में शामिल हुए तीनों डिवीजन के 19 सदस्य

# जेडआरयूसीसी मीटिंग में उठा यात्री सुविधाओं का मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर




जोनल रेलवे उपयोगकर्ता सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन जोनल मुख्यालय के सभाकक्ष में किया गया, जिसमें जोन अंतर्गत तीनों डिवीजन बिलासपुर, रायपुर और नागपुर के 19 सदस्य शामिल हुए। इस दौरान सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत स्टेशन और यात्री सुविधाओं का मुद्दा उठाया।

21वीं रेलवे उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की बैठक सोमवार को जोन के महाप्रबंधक तरूण प्रकाश के साथ हुई। इस बैठक में प्रदेश के दो सांसद दुर्ग के सांसद विजय बघेल और रायगढ़ के राज्यसभा सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह के अलावा तीनों डिवीजन बिलासपुर, रायपुर, नागपुर के 19 सदस्य मौजूद थे। रेलवे क्षेत्रीय उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति जेडआरयूसीसी के सचिव समीरकांत माथुर ने रेलवे की उपलब्धियों पर प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से प्रकाश डाला। जीएम तरूण प्रकाश ने कहा कि यात्रियों की सुविधा और उनकी अपेक्षा को ध्यान में रखते हुए रेलवे लगातार यात्री सुविधाओं के विकास कार्य कर रहा है। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत बिलासपुर, रायपुर एवं दुर्ग का पुनर्विकास तथा 47 स्टेशनों का उन्नयन किया जा रहा है। इसमें यात्री सुविधाओं से संबंधित और यात्री सुविधा विकास एवं परियोजनाओं से संबंधित अनेक महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया। सदस्यों ने प्रमुख रूप से ट्रेनों का स्टापेज, देश के विभिन्न स्थानों के लिए नई सेवाएं, महत्वपूर्ण ट्रेनों के विस्तारीकरण सहित अन्य सुविधाओं के संबंध में जीएम और अन्य अधिकारियों से चर्चा की। इस दौरान प्रिंसिपल चेम्बर आफ कामर्स एंड ट्रेड एसोसिएशन के लोकेश साहू, मौनिल जैन, रजिस्टर्ड पैसेंजर एसोसिएशन के सेवक भाऊ कारेमारे, राजेन्द्र सोनी, विकलांग कल्याण संगठन से कुलवंत सिंह सलूजा, केन्द्रीय मंत्री के प्रतिनिधि दीपक, रेल मंत्रालय के विशेष हितों के प्रतिनिधि मधुसूदन रूंगटा, मुकेश तिवारी, भास्कर नारायण पराते, आर्यन ओहरी, सोभन गरनाईक, जितेन्द्र गुप्ता, सत्येन्द्र ठाकुर, ब्रजभूषण शुक्ल, बलराम मौर्य, विकास अग्रवाल, विकास नरोलिया के प्रतिनिधि शामिल थे।

## 8.85 करोड़ की लागत से बिल्हा स्टेशन का विकास

**बिलासपुर।** एसईसीआर बिलासपुर जोन के बिल्हा रेलवे स्टेशन का विकास अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 8.85 करोड़ रुपए से करने का कार्य शुरु कर दिया है। इसके साथ ही दाधापारा से चौथी लाइन का काम भी किया जा रहा है, जिसका निरीक्षण करने के लिए जोन के जीएम सहित अन्य अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण कर कार्यो की जांच की।



महाप्रबंधक तरूण प्रकाश ने दाधापारा से दगौरी के बीच रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग का निरीक्षण किया। इन दोनों स्टेशन के बीच के अलावा गोंदिया तक चौथी लाइन का काम अलग-अलग चरणों में किया जा रहा है, जिसके लिए रेल मंत्रालय ने 3500 करोड़ रुपए से अधिक राशि की स्वीकृति दी है। दाधापारा से दगौरी के बीच चौथी लाइन का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इससे रेल परिचालन क्षमता में वृद्धि, यातायात के दबाव को कम करना और समय पालन में सुधार होने की संभावना है। निरीक्षण के दौरान जीएम ने रेल संरक्षा एवं परिचालन व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन करते हुए ट्रैक, सिग्नलिंग व समग्र संचालन की स्थिति को देखा। दाधापारा स्टेशन पर स्टेशन बुकिंग आफिस, सिग्नल एवं टेलीकॉम गुमटी में जाकर यात्रियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, टिकिटिंग व्यवस्था, संचार प्रणाली एवं संरक्षा मानकों की समीक्षा करते हुए अफसरों को दिशा निर्देश दिया। बिल्हा स्टेशन में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 8.85 करोड़ रुपए की लागत से स्टेशन पुनर्विकास कार्य किया जा रहा है। जीएम श्री प्रकाश ने कार्यो की निर्धारित समय सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने तथा संरक्षा एवं यात्री सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने निर्देश दिया।




## स्वामी सहजानंद सरस्वती की जयंती पर नेत्र परीक्षण शिविर

**बिलासपुर।** स्वामी सहजानंद सरस्वती भूमिहार ब्राम्हण समाज द्वारा 22 फरवरी को महमंद में सहजानंद सरस्वती की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर नेत्र परिक्षण शिविर विनायक नेत्रालय के डॉ. ललित माखिजा एवं डॉ. सुधा सिंह की उपस्थित में किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि साहित्यकार डॉ. राघव शरण शर्मा थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता आरपी सिंह ने की। विशिष्टि अतिथि नवीन सिंह, नीलकमल भारद्वाज, डॉ. केएन चौधरी, एनएन शर्मा, रमेश कुमार सिंह, आदित्य सिंह रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सीमा राय एवं आभार प्रदर्शन प्रेमनाथ कमलेश ने किया। सचिव राजीव कुमार ने सम्मान पत्र का वाचन किया। समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. राघव शरण शर्मा ने कहा कि स्वामी सहजानंद के जीवन को अलग-अलग भागों में देखना चाहिए। डॉ. शर्मा ने कहा कि गांव गांव झोपड़ी झोपड़ी जाने वाला समस्त वैदान्ती जगत में अगर कोई साधू हुआ तो वे साधू सहजानंद थे। इस अवसर पर आरपी सिंह ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर वृहद नेत्र परिक्षण शिविर का भी आयोजन किया गया। जिसमें 100 लोगों ने नेत्र परीक्षण कराया।

इस अवसर पर अमीय कुमार राय, अजय कुमार, स्वतंत्र कुमार, डॉ. डी.डी.राय, एन के राय, पीएन राय, एस.के राय, अभयनारायण राय, पंकज कुमार, मिथलेश कुमार, मुकेश कुमार राजीव कुमार सिंह, अजय राय, शशि रंजन, विरेन्द्र, शशिभूषण, मनोज शर्मा, कुंदन सिंह, आशुतोष प्रियदर्शी, रेवतीरमन सिंह, विजय प्रकाश राय, सुजीत किशोर आदि मौजूद थे।




## एवीएम सैनिक स्कूल में मना ग्रेजुएशन डे

एजुकेशन प्लस

**बिलासपुर।** आधारशिला विद्या मंदिर सैनिक स्कूल में किंडरगार्टन ग्रेजुएशन डे मनाया गया। इसमें नन्हें विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय परिसर रंग-बिरंगी सजावट, मुस्कुराते चेहरों और अभिभावकों की तालियों से गूंज उठा।

मुख्य अतिथि स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. आकांक्षा दीक्षित रहीं। विशिष्ट अतिथि श्रद्धा दुबे एवं रश्मि श्रीवास्तव ने कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। जिसके पश्चात विद्यार्थियों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। नन्हें बच्चों ने कविता वाचन, समूह नृत्य प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। समारोह में विद्यार्थियों को पारंपरिक ग्रेजुएशन कैप पहनाकर प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि डॉ. आकांक्षा दीक्षित ने कहा कि बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के साथ-साथ उनका भावनात्मक विकास भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सलाह दी कि वे बच्चों के साथ गुणवत्तापूर्ण समय बिताएँ, उनकी जिज्ञासाओं को समझें और सकारात्मक वातावरण प्रदान करें। विद्यालय के अध्यक्ष डॉ. अजय श्रीवास्तव ने कहा कि बच्चों का आत्मविश्वास ही उनकी सबसे बड़ी शक्ति है। उन्हें सही मार्गदर्शन और सकारात्मक वातावरण मिले, तो वे जीवन में हर चुनौती का सामना कर सकते हैं। विद्यालय के डायरेक्टर एस. के. जनस्वामी ने कहा कि शिक्षा केवल अंक प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण की प्रक्रिया है। विद्यालय की प्राचार्या जी आर मधुलिका ने कहा कि प्रारंभिक शिक्षा बच्चों के जीवन की मजबूत नींव है, इसलिए उन्हें नैतिक मूल्यों, खेल, रचनात्मक गतिविधियों और आत्मविश्वास के अवसर अवश्य दिए जाने चाहिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में रजनी सिंह, बिंदु देवांगन, श्रद्धा मिश्रा, संपत्ति यादव, संगीता मटोलिया एवं मानसी साहू का विशेष योगदान रहा।

## स्वामी हरिहरानंद सरस्वती बने थावे विद्यापीठ के कुलाधिपति



**बिलासपुर।** थावे विद्यापीठ के विशेष अधिवेशन प्रयागराज के स्वामी भजनानंद मृत्युंजय सेवा धाम झूसी में संपन्न हुआ। जिसमें महामंडलेश्वर स्वामी हरिहरानंद सरस्वती - परमाध्यक्ष देवी संपद मंडल को थावे विद्यापीठ का कुलाधिपति बनाने की अधिसूचना जारी की।

थावे विद्यापीठ, गोपालगंज बिहार का विशेष अधिवेशन 22 फरवरी को प्रयागराज धाम के संगम तट पर स्थित स्वामी भजनानंद मृत्युंजय सेवा धाम, झूसी के स्वामी भजनानंद मंडपम, भव्य सभागार में संपन्न हुआ। जिसमें महामंडलेश्वर स्वामी हरिहरानंद सरस्वती महाराज को कुलाधिपति बनाने की सहमति प्रकट की गई। स्वामी हरिहरानंद सरस्वती की नियुक्ति के साथ ही प्रतिकूलपति डॉक्टर जंग बहादुर पांडे, जिनका कार्यकाल आज पूरा हो रहा था, उनको पुनः प्रतिकूलपति के पद पर ही चयनित किया गया। इस अवसर पर स्वामी विष्णु दास महाराज (मोनी बाबा), जगतगुरु दिलीप योगीराज महाराज भी मौजूद थे। तत्पश्चात थावे विद्यापीठ के दीक्षांत समारोह में विद्यापीठ के कुलाधिपति डा स्वामी हरिहरानंद सरस्वती, कुलपति डॉ विनय कुमार पाठक, प्रतिकूलपति डॉक्टर जंग बहादुर पांडे, कुलसचिव डॉ पीएस दयालयती आदि मौजूद थे।

## एआई समिट में सेंट जेवियर्स स्कूल की प्रज्ञा व खुशबू ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सेंट जेवियर्स हाई स्कूल भरनी के कक्षा XI की छात्रा प्रज्ञा साहू और खुशबू भोई ने 16 से 21 फरवरी तक नई दिल्ली में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए और पूरे भारत से चुने गए केवल 10 स्कूलों में से एक, छात्रों ने आरोग्यम – अर्जेंट डिटेक्शन, बेटर प्रोटेक्शन नामक अपने नवाचारी एआई-सक्षम हाइब्रिड हेल्थकेयर प्रोजेक्ट का प्रदर्शन किया।

यह परियोजना ग्रामीण सशक्तिकरण का समर्थन करने के लिए डिज़ाइन की गई है, विशेष रूप से बुजुर्ग आबादी के बीच इलेक्ट्रोलाइट असंतुलन का जल्दी पता लगाने में सक्षम बनाती है। उनकी प्रस्तुति ने



ग्रामीण समुदायों में निवारक स्वास्थ्य देखभाल को मजबूत करने और चिकित्सा पहुंच की खाई को भरने में कृत्रिम बुद्धिमत्ता की भूमिका पर प्रकाश डाला। इस शिखर सम्मेलन में प्रधान मंत्री, नरेंद्र मोदी के साथ 20 देशों के प्रमुखों की उपस्थिति रही। ।

45 देशों के प्रतिनिधियों और 100 से अधिक वैश्विक संगठनों के सीईओ ने भी इसमें भाग लिया। प्रज्ञा साहू और खुशबू भोई की इस अंतरराष्ट्रीय मंच पर भागीदारी ने उनकी नवाचारी सोच और समर्पण स्कूल के भविष्य के लिए तैयार नेताओं को तकनीकी क्षमता और सामाजिक जिम्मेदारी के साथ पोषित करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। छात्रों को प्रधानाचार्य डॉ. बी. बी. महता, सीएमडी, डॉ. जीएस पटनायक, निदेशक लेखाश्री पटनायक और प्रबंधन सदस्य, मिस. दिव्यश्री पटनायक ने उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए बधाई दी।

### ट्रैफिक जवान गायब, सड़क पर आटो चालकों का कब्जा

**बिलासपुर।** नेहरू चौक पर सोमवार को ट्रैफिक जवान की कुछ समय की अनुपस्थिति के कारण सड़क पर आटो चालकों का कब्जा हो गया था। आटो चालक बीच सड़क पर ही आटो खड़ी कर न केवल सवारी चढ़ा व उतार रहे थे, बल्कि लंबं समय तक वहीं खड़े होकर नई सवारी का इंतजार भी करते रहे। इधर सिग्नल पर काफी भीड़ होने के कारण लोगों को आवागमन में भी काफी परेशानी हुई, सिग्नल पर बायीं ओर जाना था। सड़क पर खड़े रहने वाली आटो की संख्या अधिक होने के कारण अन्य वाहनचालकों को सिग्नल ग्रीन होने तक का इंतजार करते पड़ा है।



12वीं पुण्यतिथि
अश्रुपूरित श्रद्धांजलि



जन्मतिथि 07.02.1980
निर्वाण 24.02.2014

स्व. श्री शक्ति सिंह जी ठाकुर (गुड्डू भैया)

रो पड़ती है आँखे हमारी देखके तस्वीर उनकी, जिंदगी ऐसी जी गए की मौत भी शर्मा गई,
जिंदगी जी छोटी लेकिन सबसे अच्छी जी गए, हर जगह सुगंध फैलाकर स्मृति सबके दिल में रख गए।

ईश्वर आपकी दिव्य आत्मा को शांति प्रदान करें...

श्रद्धानवत्

अनिरूद्ध सिंह ठाकुर (दादा), नर्मदा सिंह (दादी), प्रकाश सिंह ठाकुर (पिता), सीता सिंह ठाकुर (माता) मानसी सिंह ठाकुर (पत्नी), युवराज सिंह ठाकुर (भाई) आशा सिंह ठाकुर (बहू) देवीना सिंह ठाकुर (पुत्री) दिव्यांशी सिंह ठाकुर (पुत्री) सीता सिंह ठाकुर (बुआ) विक्रम सिंह ठाकुर (बहनोई) ममता सिंह ठाकुर (बहन) रूद्रप्रताप सिंह (भांजा) खुशबू सिंह (भांजी), दिशा सिंह ठाकुर (पुत्री) कोनी बिलासपुर

## खबर संक्षेप

### ट्रेलर की टक्कर से बाइक सवार की मौत



**बिलासपुर।** रतनुपर के घासीपुर गांव में दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक मौत हो गई। रतनपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत सोमवार सुबह तेज रफ्तार ट्रेलर ने युवक को रौंद दिया। हादसा इतना भयंकर था कि युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान कर्रा नारा निवासी संजय कुमार आर्मो के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार कर्रा नारा निवासी संजय कुमार आर्मो निजी कार्य से बाइक क्रमांक सीजी 12 बीबी 7204 से जा रहा था। इसी दौरान विपरीत दिशा से ट्रेलर क्रमांक सीजी 10 बीएस 6541 के चालक ने अचानक सामने से टक्कर मार दी। हादसे के बाद आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई और मौके पर भीड़ जुट गई। सूचना पर रतनपुर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची, लोगों को हटाया गया। पुलिस ने पंचनामा तैयार कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे के बाद भागने की कोशिश कर रहे ट्रेलर चालक को पुलिस ने वाहन सहित गिरफ्तार कर लिया। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाना दुर्घटना का प्रमुख कारण माना जा रहा है। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

### नशेड़ियों ने आटो को किया आग के हवाले



**बिलासपुर।** जबड़ापारा स्थित मुनीबाबा गली में अज्ञात लोगों ने एक आटो में आग लगा दी है। जिससे आटो जल कर राख हो गई है। चालक ने सरकंडा थाने में घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई है। मिली जानकारी के अनुसार जबड़ापारा निवासी अशोक यादव आटो चालक है, आटो चलाकर ही गुजर बसर करता है। सोमवार की दरमियानी रात 1 बजे अज्ञात लोगों ने घर के सामने खड़ी आटो में आग लगा दी। जबतक मोहल्ले के लोगों को पता चला तब तक आटो जलकर खाक हो चुकी थी। बताया जा रहा है कि क्षेत्र में इन दिनों नशेड़ियों का कब्जा है, आए दिन वारदात हो रही है, आशंका व्यक्त की जा रही है कि नशेड़ियों ने ही आटो को आग के हवाले किया है। चालक ने सरकंडा थाने में रिपार्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### समता कालोनी में चाकू लहराते युवक गिरफ्तार



**बिलासपुर।** मुखबिर की सूचना पर मगरपारा समता कालोनी में चाकू लहराते युवक को सिविल लाइन पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार सिविल लाइन में पदस्थ प्रधान आरक्षक विकास सेंगर अन्य पुलिसकर्मियों के साथ ड्यूटी दे रहे थे। इस दौरान मुखबीर से सूचना मिली थी कि समता कालोनी मगरपारा में एक युवक चाकू लेकर लोगों को धमका रहा है। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने घेराबंदी कर युवक को हिरासत में ले लिया। इस दौरान उसने अपना नाम मनीष खोब्रागडे पिता शंकर लाल खोब्रागडे उम्र 35 वर्ष बताया। उसकी तलाशी के दौरान पुलिसकर्मियों को 13 इंच लंबा चाकू मिला, जिसमें 8 इंच फन था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

**अशोक नगर चौक के पास होगी पाइपलाइन की मरम्मत**

**कोलकाता से मंगाया गया है मैकनिकल ज्वाइंट रबर गास्गोट**

# शहर में आज से दो दिन रहेगा जल संकट, बिरकोना प्लांट से कम पानी की होगी सप्लाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



शहरवासियों को फिर से दो दिन पानी के संकट से जूझना पड़ेगा। दरअसल निगम अशोक नगर चौक के पास अमृत मिशन के पाइपलाइन में आवश्यक सुधार कार्य करेगा। इसके लिए बिरकोना स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से पानी सप्लाई दो दिन बंद रहेगी। इसकी वजह से 24 और 25 फरवरी को शाम तक शहर के सभी उच्चस्तरीय पानी टंकियों से कम मात्रा में जल सप्लाई होगी।

निगम के मुताबिक अशोक नगर चौक में 1000 एमएम के जल प्रदाय पाइप में सुधार कार्य मंगलवार से शुरू किया जाएगा। इसके लिए बिरकोना स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से 23 फरवरी की रात 11 बजे से ही पानी सप्लाई बंद कर दी जाएगी। निगम के मुताबिक आवश्यकता पड़ने पर पर प्रभावित एरिया में टैंकर के माध्यम से जल प्रदाय किया जाएगा। ध्यान रहे कि अशोकनगर चौक में पिछले एक करीब एक पखवाड़े से सड़क के दोनों ओर नाली निर्माण का काम चल रहा है, मगर रफ्तार इतनी सुस्त है कि आमजन को रोजाना कीचड़, धूल और गड्ढों का सामना करना पड़ रहा है। नाली खुदाई के बाद मलबा और गीली मिट्टी सड़क पर ही छोड़ दी गई है। अशोक नगर चौक पर हालात ऐसे हैं कि दोपहिया वाहन फिसल रहे हैं और पैदल चलना जोखिम भरा हो गया है। अब लेकिन निगम ने कोलकाता से मैकनिकल ज्वाइंट रबर गास्गोट मंगा लिया गया है जिसे मंगलवार से मौके पर लगाने की प्रक्रिया होगी। यह एक हजार एमएम का मोटा पाइप है जिसे लगाने में दो दिन लगेगा। फिलहाल इस रास्ते और चौक से पैदल गुजरना मुश्किल है। सुबह-शाम स्कूल, दफ्तर और बाजार जाने वालों के लिए यह रास्ता परेशानी का सबब बन चुका है। जहां पानी जमा नहीं है, वहां धूल उड़ रही है। खुदाई के बाद न तो नियमित पानी का छिड़काव हो रहा है और न ही सड़क समतलीकरण। हल्की हवा में धूल का गुबार उठता है, जिससे दुकानदारों और राहगीरों को भारी दिक्कत हो रही है।

### रोजाना सैंकड़ों लीटर पानी हो रहा बर्बाद

पानी की एक एक बूंद बचाने के लिए अभियान चलाने वाला निगम अशोक नगर चौक में रोजाना सैंकड़ों लीटर पानी की बरबादी पर चुप है। यहां निर्माण कार्य के दौरान कई जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। हैरानी की बात यह है कि न तो पर्याप्त बैरिकेडिंग की गई है और न ही चेतावनी बोर्ड लगाए गए हैं। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक आए दिन कोई न कोई वाहन चालक असंतुलित होकर गिर रहा है। लगातार निर्माण एजेंसी की लापरवाही खुलकर सामने आ रही है। खुदाई के दौरान अमृत मिशन की पानी सप्लाई पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो रही है। पानी फव्वारे की तरह सड़क पर बह रहा है लेकिन देखने वाला कोई नहीं है। मौके पर मौजूद कर्मचारियों ने रबर बांधकर लीकेज रोकने की कोशिश की, लेकिन तब तक सड़क पर कीचड़ और बढ़ चुका था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, काफी देर तक पानी व्यर्थ बहता रहा। हाल यह है कि बिना समन्वय और तकनीकी जांच के खुदाई की जा रही है।

**भारी विरोध के बीच निगम ने की कार्रवाई, जोन अधिकारियों ने दिया था बढ़ावा**

# जोन 7 के ठीक सामने पांच दुकानें बन गईं, अब निगम ने किया सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर में अवैध निर्माण नहीं रुक रहे हैं। सबसे बड़ी बात कि निगम ने इसकी रोकथाम के लिए शहर को आठ जोनों में बांटा है इसके बाद भी पूरा अमला नींद में रहता है। ताजा मामले साइंस कालेज के सामने का है। इसके ठीक सामने जोन सात का मुख्य आफिस है इसके बाद भी पांच दुकानें सरकारी जमीन पर कब्जा करते हुए बना ली गईं। दुकानें तनतीं गईं और अधिकारी मजे में रहे और किसी ने ध्यान नहीं दिया। शटर लगने के बाद दुकानों का आबंटन भी कर दिया गया तो स्थानीय लोगों ने निगम में शिकायत की तो अधिकारी जागे। भारी विरोध और हंगामे के बीच इन पांच दुकानों को सील कर दिया गया है।

निगम के मुताबिक सीपत रोड में पाम इन्क्लेव के पहले शाहनवाज बटलर द्वारा अवैध निर्माण किया जा रहा है। इसकी जानकारी होने पर दो बार नोटिस दी गई लेकिन काम नहीं रोका गया। निगम ने जमीन संबंधी दस्तावेज, भवन अनुज्ञा, बी1 पी2, स्वीकृत मानचित्र की कापी पेश करने कहा था लेकिन ना तो जवाब और ना ही ध्यान दिया गया। इसके बाद निगम की टीम सोमवार को मौके पर पहुंची और सील करने की कार्रवाई की गई। इस दौरान अवैध निर्माण कर्ता की ओर से निगम अमले को रोकने की कोशिश करते हुए विरोध किया गया। कुछ छुट्भैय्ये को लेकर नेतागिरी करने की कोशिश भी गई। हालांकि यह सब काम नहीं आया और निगम ने पांचों दुकानों को सील कर दिया है।



दुकान को सील करते निगम के कर्मचारी।

### आवासीय नक्शे पर व्यावसायिक निर्माण

इससे पहले नगर निगम ने अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तोरवा और दयालबंद क्षेत्रों में निर्मित पांच दुकानों को सील कर दिया था। इनके निर्माण के लिए न तो निगम से नक्शा पास कराया गया था और न ही कोई अनुमति ली गई थी। निगम के मुताबिक यहां निर्माण के लिए आवासीय नक्शा पास कराया गया था लेकिन इस पर व्यावसायिक निर्माण किया जा रहा था।



# गरीबों के मकान तक जाने वाले रास्ते पर लगा गेट तोड़ा जाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अशोक नगर सरकंडा स्थित ड्रीम इनक्लेव कॉलोनी में गरीबों के मकान तक जाने वाले रास्ते को बंद कर लगाया गया गेट तोड़ा जाएगा। निगम आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे ने कहा है कि ले आउट में जो रास्ता स्वीकृत है उसी हिसाब से काम होगा। कालोनी के पीछे गेट में जो ताला लगाया गया है उसे तोड़ा जाएगा।

- **निगम ने कहा लेआउट में किसी तरह का बदलाव नहीं किया गया**

इधर इस बारे में कालोनी के बिल्डर गौरव तिवारी की ओर से कहा गया है कि ले आउट में किसी तरह का बदलाव नहीं किया गया है। कालोनीवासियों को पूरी जानकारी पहले ही दे दी गई थी और लेआउट में जो त्रुटी है वह लिपिकीय है। इसमें सुधार के लिए टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के साथ ही निगम में आवेदन भी दे दिया गया है।

दरअसल ड्रीम इनक्लेव एक पूर्ण विकसित कॉलोनी है, जिसे नगर निगम द्वारा पूर्णता प्रमाण पत्र प्रदान किया जा चुका है। यहां कुल 37 मकान बनाए गए हैं। कॉलोनीवासियों के अनुसार बिल्डर द्वारा अतिरिक्त विकास के लिए निगम को वांछित राशि भी जमा की जा चुकी है, ऐसे में कॉलोनी के अग्रिम विकास, रख-रखाव और मूलभूत सुविधाओं की जिम्मेदारी अब नगर निगम की है। यहां के लोगों ने बताया कि “ड्रीम इनक्लेव आवासीय सहकारी समिति मर्यादित” (पंजीयन क्रमांक 768) का गठन भी किया है।

### कुछ लोगों ने गेट बंद कर दिया

ध्यान रहे कि निगम द्वारा कॉलोनी के पिछले हिस्से में निर्मित ईडब्ल्यूएस (अटल आवास) भवन के आबंटन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, वहां तक पहुंचने के लिए अलग मार्ग और सुविधाएं उपलब्ध कराईं जा रहीं हैं। निगम के मुताबिक 25 फिट का रास्ता इसके लिए अलग से बनाया गया है लेकिन कुछ लोगों ने इस रास्ते पर गेट लगाकर इसे बंद कर दिया गया है। इस कारण इन लोगों को परेशानी हो रही है। अब निगम ने इस गेट को तोड़ने का फैसला किया है। खास बात है कि ईडब्ल्यूएस भवन निर्माण के समय से ही पानी की आपूर्ति कॉलोनी की टंकी से की जा रही है।

### सरकंडा के खसरा नंबर पर बनी है कालोनी

मामले में बिल्डर गौरव तिवारी के मुताबिक पूरी कालोनी सरकंडा की खसरा नंबर 299/1, 301, 302/1, 394/11 और 395/10 में कुल 2.29 एकड़ पर बनी है। इसी आधार पर लेआउट भी पास कराया गया है। नियमों के मुताबिक कालोनी में चौड़ी सड़कों के साथ नाली बनाई गई हैं तो गार्डन और दूसरी सुविधाएं हैं। कालोनीवासियों को इस बात की जानकारी भी दी गई थी कि पीछे में ईडब्ल्यूएस के मकान बनाए जा रहे औंर इसके लिए अलग से 25 फिट का रास्ता बनाया गया है। 2021 में कालोनी का निर्माण पूरा करते हुए लोग वहां शिफ्ट भी हो गए हैं। अब चार साल बाद इस तरह का विरोध गलत है।

# 300 रुपए अतिरिक्त चार्ज लेकर काउंटर बुकिंग करते थे दलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आरपीएफ की टीम ने मुखबिर की सूचना पर दो टिकिट दलालों को पकड़ा है, जो यात्रियों से 200-300 रुपए का अतिरिक्त चार्ज लेकर काउंटर बुकिंग करते थे। दोनों टिकिट दलाल को पकड़कर रेलवे एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

- **आरपीएफ की गुप्तचर शाखा टीम ने पकड़ा**

ट्रेनों के स्लीपर और एसी कोच में सफर करने वाले यात्रियों के लिए रेल प्रशासन ने काउंटर टिकिट की सुविधा बिलासपुर रेलवे स्टेशन के अलावा उसलापुर रेलवे स्टेशन में देकर रखी हुई है। इसके अलावा आईआरसीटीसी की वेबसाइट के जरिए भी लोगों को घर बैठे 6 आरक्षण टिकिट की सुविधा मिल रही है। आईआरसीटीसी की वेबसाइट की सुविधा लेने के लिए लोगों को स्वयं की आईडी और अकाउंट नम्बर देना जरूरी है। वहीं कई लायसेंसधारी भी आईआरसीटीसी की वेबसाइट के जरिए आरक्षण टिकिट बेचकर कमाई कर रहे हैं। इसमें सबसे अधिक दलाल सक्रिय हैं, जो छुट्टियों के समय ज्यादा सक्रिय हो जाते हैं। किसी भी पर्व या गर्मी व अन्य छुट्टियों के समय ट्रेनों में अत्यधिक भीड़ के कारण लोगों को कंफर्म बर्थ नहीं मिल पाती है, जिसका फायदा उठाकर दलाल उनसे एक टिकिट के 200 से 500 रुपए अतिरिक्त चार्ज लेकर कंफर्म टिकिट उपलब्ध कराने का काम करते हैं।

इसी तरह की सूचना आरपीएफ की अपराध गुप्तचर शाखा की टीम को मुखबिर से मिली कि दो व्यक्ति हाईकोर्ट में रेलवे की ओर से खोले गए आरक्षण कार्यालय से बुकिंग करने के बाद यात्रियों को टिकिट बेचने का काम करते हैं, इसके एवज में वे यात्रियों से 200 से 300 रुपए अतिरिक्त राशि ले रहे हैं। सूचना मिलते ही आरपीएफ की टीम ने रेलवे आरक्षण टिकिट का अवैध व्यापार करने वाले टिकिट दलालों को हाईकोर्ट के आवासीय परिसर से पकड़ा, जिनके पास से 47 रेल टिकिट राशि 1 लाख 64 हजार रुपए से अधिक की जब्त की गई। आरोपी अकलतरा जांजगीर-चांपा निवासी रामचरण मन्नेवर पिता जोहित राम 34 साल और वायरलेस कॉलोनी तारबाहर निवासी शुभम रजक पिता लक्ष्मीचंद रजक 26 साल को पकड़कर पूछताछ की गई। दोनों दलाल भदौई प्रयागराज के किसी रविंदर कुमार नाम के व्यक्ति को बिलासपुर से रेलवे आरक्षण टिकिट बनाकर बस व ट्रेन से प्रयागराज तक भेजते थे। आरपीएफ की टीम ने दोनों दलालों को पकड़कर रेलवे एक्ट की धारा 143 के तहत कार्रवाई की है।

### प्रयागराज जाएगी टीम

आरपीएफ की अपराध गुप्तचर शाखा की टीम ने हाईकोर्ट न्यायालय के आवासीय परिसर में संचालित होने वाले बुकिंग काउंटर से पकड़े गए दलालों से पूछताछ की है। पूछताछ में उन्हें प्रयागराज में टिकिट बनाकर भेजे जाने की जानकारी मिली, जिसके बाद टीम ने मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रयागराज जाकर जांच करने का निर्णय लिया है।

### जीडीसी में अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार 25 और 26 को

**बिलासपुर।** शासकीय बिलासा कन्या महाविद्यालय में 25 एवं 26 फरवरी को पर्यावरण लचीलेपन के लिए बहुविषयक दृष्टिकोण समावेशी विकास की राह, चुनौतियाँ और अवसर दो दिवसीय दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एयू के कुलपति आचार्य डॉ. एडीएन वाजपेई एवं विशिष्ट अतिथि प्रो. डी. पी.साहू करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डा. एसआर कमलेश होंगे। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि मुख्य वन संरक्षक बिलासपुर मनोज पाण्डे होंगे। विशिष्ट अतिथि विवके जोगलेकर होंगे। सेमिनार में देश–विदेश से लगभग 250 प्रतिभागियों का रजिस्ट्रेशन प्राप्त हुआ है। विशेष वक्ता डॉ. सुभाष पांडे, डॉ. भोजराज घीमीरे, डा. सीरीकरण थोंगमाक थाईलैंड एवं डा. लाई यी वीन ब्रिटिस विवि कॉलेज यानगोन, म्यानमार डॉ. अंजन प्राचार्य, संत हरकेवाल, डॉ. राजेश कुमार सिन्हा हैं।

# वन विभाग की टीम ने जब्त की तीन लाख की लकड़ी, वाहन चालक फरार



**बिलासपुर।** वन विभाग की टीम ने बिलासपुर वन वृत्त में फिल्मी अंदाज में एक ट्रक का पीछा करते हुए साल लकड़ी की जब्त की। वहीं टीम को पीछा करते हुए देख चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया, जिसकी तलाश टीम ने शुरु कर दी है।

जानकारी के अनुसार बिलासपुर वन वृत्त में लकड़ी तस्करों के खिलाड़ी एक बड़ी कार्रवाई की गई है। वन मंडल के पसान परिक्षेत्र में न विभाग की टीम ने फिल्मी अंदाज में एक गाड़ी का पीछा कर साल लकड़ी से भरे हुए ट्रक को पकड़ा। ट्रक में करीब तीन लाख रुपए से अधिक कीमत की लकड़ी लोड थी। वहीं चालक मौके से फरार हो गया। विभाग की टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम रामपुर के पास साल प्रजाति के पेड़ों को काटकर ट्रक में लोड कर दूसरे राज्य से लाया जा रहा है। सूचना मिलते ही जानकारी डीएफओ कुमार निशांत को दी गई। डीएफओ श्री निशांत के आदेश पर टीम गठित की गई। देर रात करीब 1.40 बजे टीम ने एसपी पासिंग ट्रक क्रमांक एमपी 17 एचएच 3677 को रोकने का प्रयास किया। ट्रक का चालक वन विभाग की टीम को देखकर गाड़ी भागने लगा। टीम ने पीछा किया तो चालक रामपुर चंवलपुर मार्ग से ट्रक को छोड़कर फरार हो गया। विभागीय टीम ने ट्रक में जांच की तो उसमें साल प्रजाति के 15 नग लट्ठे, कुल 6.50 घन मीटर लकड़ी बरामद की गई, जिसकी कीमत करीब तीन लाख रुपए थी। ट्रक और लकड़ी को जब्त कर भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा के तहत कार्रवाई करने के बाद आरोपी चालक की खोजबीन की जा रही है। वन विभाग की टीम ने वाहन मालिक से पूछताछ किया, जिसने ट्रक को किराए पर देने का दावा किया है। फिलहाल मामले की जांच में वन विभाग की टीम जुट गई है।

# 25 लाख की ठगी, आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** जांजगीर के दो बेरोजगारों से सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर 25 लाख की ठगी करने वाले आरोपी को हिर्री पुलिस ने कोर्ट के आदेश के बाद गिरफ्तार कर लिया है। उसे ठगी की रकम 75 हजार रूपए व मोबाइल जब्त किया गया।

- **नौकरी लगाने का दिया था झांसा**

खास बात यह है कि 3 सालों से आरोपी पुलिस और कोर्ट को चकमा दे रहा था। मामला जांजगीर के मुलमुला थाना क्षेत्र का है। जहां चण्डीपारा उरईहा पामगढ़ के रहने वाले अंबिका प्रसाद भारद्वाज पिता स्व. एलआर भारद्वाज उम्र 50 साल ने अपने बेटे राहुल भारद्वाज और भतीजे हरिश को नौकरी लगवाने के लिए मुलमुला निवासी आरोपी राजा भैया लहरे पिता स्व. पुनित राम लहरे 26 साल ग्राम छैडोलिया (कोसा) थाना मुलमुला जिला जांजगीर-चांपा को ऑन लाईन के जरिए 17 लाख 65 हजार रूपये और 7 लाख 35,000 करीब 25 लाख रूपये दिए गए। पैसा लेने के बाद से आरोपी अक्टूबर 2023 से फरार हो गया। 20 फरवरी को घेराबंदी कर आरोपी को ग्राम छैडोलिया थाना मुलमुला से हिरासत में लिया गया। इसके कब्जे से ठगी की 75 हजार रूपये व मोबाइल जब्त किया गया। प्रकरण में आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है।







